संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 261
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
बुधवार 25 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



अकाली दल की एनडीए में वापसी: पीएम मोदी बोले-

पंजाबियों का कल्याण प्राथमिकता, गठबंधन को वाजपेयी-आडवाणी ने सींचा

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में वापसी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस गठबंधन की प्राथमिकता पंजाब और पंजाब के लोगों का कल्याण है। खास बात यह है कि अकाली दल की वापसी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के मौके पर हुई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, पंजाब और पंजाबियों का कल्याण सबसे पहले! मुझे बेहद खुशी है कि शिरोमणि अकाली दल एनडीए परिवार में लौट आया है और वह भी श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा



पंजाब और पंजाबियों का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। अकाली दल की एनडीए में वापसी से मुझे बेहद खुशी है। अटल जी, आडवाणी जी और प्रकाश सिंह बादल ने इस गठबंधन को सींचा है।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

और अकाली दल का गठबंधन स्वाभाविक है। यह पंजाब में जनहितकारी शासन सुनिश्चित करने और राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए काम करेगा। उन्होंने इस गठबंधन के पुराने इतिहास का भी जिक्र किया। पीएम मोदी के मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल ने इस साझेदारी को मजबूत बनाया और सींचा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अकाली दल और भाजपा का गठबंधन समय की कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने भरोसा जताया कि दोनों दलों की यह साझेदारी पंजाब के लोगों की पसंद बनेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने मंगलवार को दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा मुख्यालय में हुई इस बैठक के बाद दोनों दलों ने 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव साथ लड़ने और एनडीए को मजबूत करने का औपचारिक संकेत दिया। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि दोनों पार्टियों ने मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि अकाली दल आज से एनडीए का हिस्सा भी बन रहा है। शाह ने गुरु पर्व के दिन पुराने सहयोगी की वापसी को खास अवसर बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से एनडीए के विस्तार पर बातचीत के दौरान अकाली दल की वापसी का मुद्दा उठा था। इसके बाद प्रधानमंत्री ने सुखबीर बादल को फोन कर कहा कि अब एनडीए पूरा हो गया है।

प्रकाश पर्व: योगी बोले- नाम जपने और कीर्तन करने से दूर होती है अज्ञानता

जब विदेशी ताकतें परेशान करती थी, उस वक्त गुरुनानक जी ने मंत्र दिया कि एक ओंकार



लखनऊ, संवाददाता। सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व (जन्मदिवस) के अवसर पर राजधानी के डीएवी पीजी कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रकाश पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देव जी को नमन किया। सीएम योगी ने कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा की संध्या पर काशी में लाखों दीपक जलेंगे। ये मान्यता है कि भगवान शिव ने आज के दिन राक्षस त्रिपुरासुर का वध किया था। इसलिए ये आयोजन हर जगह उत्साह के साथ मनाया जाता है।गुरु नानक जी का एक ही उद्देश्य था कि धर्म पर धर्म की विजय हो। सत्य पर सत्य की विजय हो। याद करिए वो दौर जब बिखरा हुआ समाज था। मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जी महाराज के तीन प्रमुख सिद्धांतों 'नाम जपो, कीरत करो, वंड छको' की व्याख्या करते हुए कहा कि ईश्वर का स्मरण, कीर्तन और सामूहिकता मनुष्य के भीतर सकारात्मक भाव पैदा करते हैं। इससे अज्ञानता दूर होती है और समाज में एकजुटता की शक्ति जागृत होती है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास जी की पंक्ति 'श्रद्धावान् लभते ज्ञानम्' का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रद्धा के माध्यम से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है। गुरु नानक देव जी महाराज भी कीर्तन के माध्यम से मनुष्य के भीतर श्रद्धा और सद्भाव का भाव जागृत करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने वंड छको के सिद्धांत को सामाजिक समानता और सहभागिता का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि इसका आशय है कि कोई भी व्यक्ति उपेक्षित न रहे और सभी मिल-बांटकर भोजन करें। गुरुद्वारों में संचालित लंगर की परंपरा आज भी इस महान विचार को साकार कर रही है। वहां किसी की जाति, मत या मजहब नहीं पूछा जाता। हर व्यक्ति एक साथ पंगत में बैठकर समान सम्मान के साथ भोजन करता है। यह केवल भोजन कराने की व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा, समानता और मानवीय संवेदना का अनुपम उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने लंगर की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि सबको एक साथ लंगर चखते हुए देखना उन्हें बहुत अच्छा लगता है, जिसकी शुरुआत गुरु नानक जी ने की थी। उन्होंने गुरु नानक जी की बातों को याद करते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देती हैं।

पंजाब में फिर बनी बीजेपी-अकाली दल की जोड़ी, राजा वड़िंग बोले- कांग्रेस को होगा फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी। पंजाब की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल एक बार फिर साथ आ गए हैं। दोनों पार्टियां मिलकर अगले विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पंजाब की 117 विधानसभा सीटों पर अगले साल की शुरुआत में चुनाव होने हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गठबंधन का ऐलान किया। इस मौके पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल भी मौजूद रहे।

अकाली दल की होगी बड़े भाई की भूमिका

गठबंधन की रूपरेखा बताते हुए अमित शाह ने कहा कि इस साझेदारी में शिरोमणि अकाली दल बड़े भाई की भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा अकाली दल से ही होगा। बीजेपी और अकाली दल के साथ आने पर कांग्रेस सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह कोई नया गठबंधन नहीं है, बल्कि दोनों पार्टियों के बीच पहले से ही अंदरूनी तौर पर साथ था। उन्होंने कहा, ष्यह गठबंधन पहले से ही चल रहा था। दोनों पार्टियां अंदर से साथ थीं। अब सिर्फ जनता के सामने इसका ऐलान किया जा रहा है।ष राजा वड़िंग ने दावा किया कि इस गठबंधन से कांग्रेस को 15 सीटों का फायदा होगा। उन्होंने बीजेपी पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप भी लगाया। राजा वड़िंग ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने सभी धर्मों और समुदायों को साथ लेकर चलने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा, ष्गुरु नानक देव जी ने सबके साथ संवाद का संदेश दिया था। इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और दलित सभी शामिल हैं।ष उन्होंने गुरुपर्व का जिक्र करते हुए पंजाब के लोगों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी पंजाबियों को अच्छे लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए, नेक काम करने चाहिए और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।



सुप्रीम कोर्ट: जल्द सुनवाई के अधिकार का हवाला देकर अपराधी नहीं पा सकते जमानत, हाई कोर्ट का आदेश हुआ रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जिस अपराधी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा हो और जिसे पहले भी किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया जा चुका हो, उसे केवल जल्द सुनवाई के अधिकार के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच ने यह टिप्पणी पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द करते हुए की, जिसमें हत्या के एक मामले के आरोपी को जमानत दी गई थी। बेंच ने कहा, जल्द सुनवाई के अधिकार को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 का ही एक हिस्सा माना जाता है। लेकिन, जब कोई आरोपी किसी गंभीर अपराध में शामिल हो, तो उसके अधिकारों के साथ-साथ समाज के हितों को भी ध्यान में रखना जरूरी होता है। जिसमें पीड़ित और उसके परिवार के हित भी शामिल हैं। बेंच ने कहा कि ऐसा लगता है कि जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान, न तो आरोपी की पिछली दोषसिद्धि (कनविक्शन) के बारे में हाई कोर्ट को बताया गया और न ही अन्य आपराधिक मामलों में उसकी संलिप्तता के बारे में हाई कोर्ट को जानकारी दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने 18 नवंबर के अपने आदेश में कहा, कोई ऐसा अपराधी, जिसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा हो और जिसे पहले भी दोषी ठहराया जा चुका हो, उसे केवल त्वरित सुनवाई के अधिकार (राइट टू स्पीडी ट्रायल) के आधार पर जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा, यह अदालत का कर्तव्य है कि वह त्वरित सुनवाई के अधिकार और सामाजिक हित के बीच संतुलन बनाए रखे।

राजीव की सुरक्षा हटाई गई ताकि उनकी हत्या हो सके

सोनिया गांधी का बड़ा आरोप, बच्चों को बताया अपनी ताकत



राजीव गांधी की सुरक्षा हटा दी गई थी, ताकि उनकी हत्या हो सके। उनकी सुरक्षा हटाना कोई हादसा नहीं था। यह जानबूझकर किया गया था।

सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सुरक्षा हटाए जाने को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजीव गांधी की सुरक्षा जानबूझकर हटाई गई थी, ताकि उनकी हत्या हो सके। उन्होंने यह बात अपने बच्चों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ बातचीत में कही। यह बातचीत उनकी किताब शबिलॉन्गिंगरू अ जर्नी ऑफ लवश को लेकर हुई। सोनिया गांधी ने एक्स पर वीडियो साझा किया। इसमें सोनिया गांधी ने बताया, मैंने बिलॉन्गिंग अपनी यादों के आधार पर लिखी है। राहुल और प्रियंका ने इसमें अपनी यादें जोड़ीं। इससे इन कहानियों को एक नया जीवन मिला। मेरे बच्चे मेरी सबसे बड़ी खुशी और ताकत हैं। यही दो ऐसे लोग हैं, जो किसी और से ज्यादा मेरे धैर्य की परीक्षा लेते हैं। सोनिया गांधी ने राजीव गांधी के उस दौरे को याद किया, जब वह लोकसभा में विपक्ष के नेता थे। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी खुले जीप में सफर करते थे। इस दौरान उन पर पत्थर फेंके गए थे। कई जगह विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। उन्होंने कहा, यह दौरा काफी खौफनाक था। मुझे विपक्षी दलों की सरकार वाले राज्यों में राजीव गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता थी। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले लोग इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे थे। राहुल भी इन दौरों में अपने पिता के साथ थे। उन्होंने खुद पत्थरबाजी और विरोध प्रदर्शन देखे थे सोनिया गांधी ने बताया कि एक दौरे से लौटने के बाद राहुल ने उनसे अपनी चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा, श्जब वह घर आया, तो उसने मुझसे कहा- मां, अगर हमने पापा की सुरक्षा को लेकर कुछ नहीं किया, तो मुझे मालूम है कि मैं बहुत जल्द उनके अंतिम संस्कार के लिए वापस आऊंगाश। सोनिया गांधी ने कहा कि बिहार का दौरा उनकी चिंता की आखिरी वजह बना। हालांकि, वह इससे पहले भी राजीव गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता जता चुकी थीं। सोनिया गांधी ने कहा, राजीव गांधी की सुरक्षा हटा दी गई थी, ताकि उनकी हत्या हो सके।

विदेशी महिला बंदियों के लिए नरेला में अलग हिरासत केंद्र बनाएगी दिल्ली सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार नरेला में महिला विदेशी नागरिकों के लिए एक समर्पित हिरासत केंद्र स्थापित करने पर काम कर रही है। इसके साथ ही, परिवारों को रखने के लिए एक केंद्र और एक प्रस्तावित खुली जेल भी बनाई जाएगी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रस्तावित केंद्र दिल्ली-हरियाणा सीमा के निकट लामपुर में स्थित मौजूदा हिरासत केंद्र के विस्तार का हिस्सा है। इस कदम का उद्देश्य निर्वासन या आव्रजन से संबंधित अन्य कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान हिरासत में मौजूद महिलाओं को रखने के लिए उपयुक्त स्थान की कमी को दूर करना है। लामपुर हिरासत केंद्र में पांच ब्लॉक हैं और यह निर्णय लिया गया है कि पुरुष बंदियों को दो ब्लॉकों में तथा महिला बंदियों को एक ब्लॉक में रखा जाएगा। गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चौथे ब्लॉक का उपयोग महिला कैदियों के लिए खुली जेल के रूप में किया जाएगा, जबकि शेष एक ब्लॉक का उपयोग प्रशासनिक ब्लॉक के रूप में किया जाना है।

देश को बदनाम करने से नहीं चमकेगी राजनीति

राहुल गांधी पर भाजपा का वार, कहा- जनता कभी नहीं करेगी स्वीकार

नई दिल्ली, एजेसी। अमेरिका दौरे के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था और चुनाव व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा ने जोरदार हमला बोला है। भाजपा का कहना है कि राहुल गांधी भले ही विदेश जाकर अपनी राजनीति को दोबारा



राहुल गांधी विदेश की जमीन से अपनी राजनीतिक पारी दोबारा शुरू करने की कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन देश के प्रति नफरत रखने वाले व्यक्ति को भारत की जनता स्वीकार नहीं करेगी। उनके बयान देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले हैं।

प्रदीप भंडारी, भाजपा प्रवक्ता

चमकाने की कोशिश करें, लेकिन देश के खिलाफ नकारात्मक बातें करने वाले नेता को जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। राहुल के अमेरिका में दिए गए बयान को लेकर देश की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। प्रदीप भंडारी ने भारत की आर्थिक और वैश्विक स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने लोवी इंस्टीट्यूट की एशिया पावर इंडेक्स रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत एशिया की तीसरी सबसे ताकतवर शक्ति बनकर उभरा है। उन्होंने यह भी कहा कि गोल्डमैन सैक्स और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल बताया है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भंडारी ने कहा कि वह विदेश की जमीन से अपनी राजनीतिक पारी दोबारा शुरू करने की कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन देश के प्रति नफरत रखने वाले व्यक्ति को भारत की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

दिल्ली पुलिस ने क्रिप्टोकरेंसी कारोबारियों से ठगी करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों को दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने क्रिप्टोकरेंसी का कारोबार करने वालों से कथित तौर पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पीड़ित से ठगे गए लगभग पांच लाख रुपए भी उसे वापस दिला दिए हैं। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.62 लाख रुपये नकद, 11 मोबाइल फोन, एक आईपैड, एक वाई-फाई राउटर और छह सिम कार्ड बरामद किए हैं। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित गोयल के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अलवर निवासी अतुल मीणा (21), दौसा निवासी जगमोहन मीणा (19), अलवर निवासी नरेंद्र कुमार मीणा (22) और मनीष मीणा (24) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि छह जून को बाइनेंस पी2पी (व्यक्ति से व्यक्ति बाजार मंच) पर क्रिप्टोकरेंसी बेचने का विज्ञापन देने के बाद एक व्यक्ति ने खरीदार बनकर उससे संपर्क किया और सोशल मीडिया ऐप पर बातचीत करने लगा। जिसके जरिए उसके क्रिप्टोकरेंसी खाते से 4,985 यूएसडीटी (करीब पांच लाख रुपये) निकाल लिए गए। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में इस साल दो जुलाई को दक्षिण-पश्चिम जिला साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण के आधार पर राजस्थान के अलवर में सक्रिय गिरोह का पता चला और पुलिस ने अलवर में छापा मारकर अतुल मीणा के ठिकाने से नकदी, तीन मोबाइल फोन, एक आईपैड, वाई-फाई राउटर और पांच सिम कार्ड बरामद किए। पुलिस ने बताया कि इसके बाद जयपुर से जगमोहन, नरेंद्र और मनीष को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से आठ मोबाइल फोन बरामद हुए।

कार्तिक पूर्णिमा: नदियों और सरोवर में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी, पीएम मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, एजेंसी। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार को देशभर के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। उत्तर प्रदेश के हापुड़ स्थित ब्रजघाट पर बड़ी संख्या में भक्तों ने गंगा में पवित्र स्नान किया। वहीं, ओडिशा के पुरी में हजारों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के दिव्य स्वर्ण वेश के दर्शन के लिए मंदिर के सामने जुटे।

अयोध्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सरयू नदी में लगाई आस्था की डुबकी

इस पावन अवसर पर अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान सैकड़ों भक्तों ने पवित्र सरयू नदी में स्नान किया और पूजा-अर्चना की। सुबह से ही सरयू घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी।

हरिद्वार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

उत्तराखंड के हरिद्वार में कार्तिक



पूर्णिमा के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही हरकी पैड़ी पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की।

ब्रजघाट और कपिल मोचन सरोवर में उमड़े श्रद्धालु

हरियाणा के यमुनानगर स्थित कपिल मोचन सरोवर में भी कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक देव जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग कपिल मोचन मेले में पहुंचे।

पुरी में भगवान जगन्नाथ का स्वर्ण वेश

ओडिशा के पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर के सामने हजारों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के स्वर्ण वेश के दर्शन के लिए एकत्र हुए। इस विशेष धार्मिक आयोजन में भगवान जगन्नाथ के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से भक्त पहुंचे।

काशी विश्वनाथ मंदिर में हुआ दीपमाला श्रृंगार

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में भी कार्तिक महीने के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। मंदिर प्रशासन के मुताबिक, 26 अक्तूबर से कार्तिक पूर्णिमा तक हर दिन सप्तऋषि आरती के दौरान बाबा श्री काशी विश्वनाथ का विशेष दीपमाला श्रृंगार किया गया। इस दौरान मंदिर में दीपों से जगमगाते बाबा विश्वनाथ के दिव्य स्वरूप के दर्शन श्रद्धालुओं को कराए गए। मंदिर प्रशासन ने बताया कि कार्तिक महीने के धार्मिक आयोजनों के तहत यह विशेष श्रृंगार किया गया।

कार्तिक पूर्णिमा पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर संदेश साझा करते हुए लिखा- आप सभी को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

संपादकीय

यमुना भी मैली

पिछले दिनों दिल्ली के यमुना तटों पर छठ पर्व के मौके पर रासायनिक झाग के बीच सूर्य को अर्घ्य देती महिला श्रद्धालुओं की तस्वीरों ने पूरे देश को विचलित किया। तंत्र की काहिली देखिए कि पर्व के दौरान भी श्रद्धालुओं को प्रदूषण मुक्त पानी वाले घाट नहीं मिल सके। लेकिन अब यमुना के पानी को जहरीले रसायनों वाले झाग से मुक्त करने के दावे किए जा रहे हैं। यह विडंबना ही है कि हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बाद यमुना और मैली हो गई है। मैली यमुना फैक्ट्री मालिकों और लोगों की आपराधिक लापरवाही तथा तंत्र की काहिली की दास्तां बयां करती है। यही वजह है कि पिछले दिनों देश की शीर्ष अदालत ने यमुना नदी में गिरने वाले 520 नालों और सफाई के सरकारी प्रयासों पर सवाल उठाए हैं। विडंबना यही है कि जब तक कोई राजनीतिक दल विपक्ष में होता है, तब तक अपनी सुविधा के हिसाब से यमुना की सफाई पर सवाल उठाता है, लेकिन जब वही राजनीतिक दल सत्ता में आता है तो खामोशी ओढ़ लेता है। बहरहाल, पिछले कई दशकों से यमुना के प्रदूषित होने का प्रश्न पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ी सार्वजनिक बहसों के केंद्र में रहा है। लेकिन राजनीतिक दलों के लिए यह चुनाव की दृष्टि से सुविधा का मुद्दा ही रहा है। विपक्ष में हैं तो यमुना की सफाई को मुद्दा बनाया जाता है। सत्ता में आते ही चुप्पी साध ली जाती है। जाहिर है, इसकी सफाई के लिए ईमानदार प्रयास होते ही नहीं। यदि होते तो यमुना की यह दुर्दशा ही न होती। मौलिक सवाल यही है कि यदि यमुना की सफाई में हजारों करोड़ रुपये खर्च हुए हैं तो यमुना मैली की मैली क्यों है? आज वह दुनिया की सबसे प्रदूषित नदियों में क्यों शामिल है? सवाल सरकारों की इच्छाशक्ति का भी है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने यमुना की दुर्दशा पर लगातार सवाल उठाए हैं। शीर्ष अदालत ने सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि यमुना की सफाई पर हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद प्रदूषण पहले के मुकाबले और कैसे बढ़ गया है? वह भारी–भरकम राशि कहां गई, जो सफाई पर खर्च की गई थी? आखिर क्या वजह है कि नदी का पानी उपयोग लायक नहीं रह गया? सुप्रीम कोर्ट ने इस बात का भी उल्लेख किया कि गंदा पानी ले जाने वाले 520 नाले यमुना में क्यों गिराए जा रहे हैं? कोर्ट ने प्रश्न किया कि जिन विभागों की जिम्मेदारी यमुना में गंदे नालों को जाने से रोकने की थी, उन्होंने क्या किया? यही वजह है कि अदालत ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कहा है कि राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और जनपदों में यमुना में गिरने वाले नालों की निगरानी की जाए। कोर्ट ने यमुना की सफाई के मुद्दे पर राजनीतिक दलों की सुविधा की राजनीति पर प्रश्न उठाए। अदालत ने इस मुद्दे पर सरकारों और राजनीतिक दलों को इच्छाशक्ति दर्शाने की नसीहत भी दी। बहरहाल, तंत्र की नाकामी के साथ–साथ नागरिक भी गैर–जिम्मेदार व्यवहार के लिए दोषी हैं। नागरिकों को आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए यमुना को साफ करने का बीड़ा उठाना चाहिए।

आईआईटी से आईटीआई तक एक जैसे बुरे हाल

डॉ. दीपक पाचपोर

नौकरी मिलना या न मिलना तो एक अलग ही जद्दोजहद है, जिससे युवा रोज जूझ रहे हैं। लेकिन अब उन्हें इस बात के लिए उलाहना दी जा रही है कि वे कागजी सर्टिफिकेट लेकर घूम रहे हैं और कोट–पैंट पहन रहे हैं।

मतलब देश के प्रधानमंत्री ने अब नौजवानों को बांटने का काम शुरु कर दिया है। एक तरफ वे युवा हैं जो प्रतियोगी परीक्षाओं या अन्य चयन प्रक्रियाओं को पूरा करके उच्च शिक्षा हासिल करते हैं। उन्हें डिग्री पूरी करने के बाद प्रमाणपत्र मिलते हैं और फिर वे नौकरी हासिल करने के लिए औपचारिक वेषभूषा यानी कमीज–पतलून और टाई या कोट पहनकर साक्षात्कार के लिए जाते हैं। नौकरी मिलना या न मिलना तो एक अलग ही जद्दोजहद है, जिससे युवा रोज जूझ रहे हैं। लेकिन अब उन्हें इस बात के लिए उलाहना दी जा रही है कि वे कागजी सर्टिफिकेट लेकर घूम रहे हैं और कोट–पैंट पहन रहे हैं। यह उलाहना नाते–रिश्तेदार, जान–पहचान के लोग देते तो इसे टाला भी जा सकता है, लेकिन यह बात सीधे प्रधानमंत्री के मुंह से निकली है। वो प्रधानमंत्री जिसने इस पद को हासिल करने के लिए देश के युवाओं को सपना दिखाया था कि हर साल दो करोड़ रोजगार दिए जाएंगे। अब रोजगार की जगह युवाओं के बीच ही वर्ग बना कर उन्हें बांटा जा रहा है। मोदी का कहना है कि अब हुनर वालों की कद्र होने वाली है, उनकी मांग बढ़ने वाली है। तो क्या मोदी यह मानते हैं कि जिन लोगों ने पांच–सात साल लगाकर उच्च शिक्षा संस्थान से डिग्री ली है, उनमें हुनर नहीं है। क्या हुनर केवल कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) और इंस्टिट्यूट फॉर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (आईटीओटी) से निकले युवाओं के पास ही है। बता दें कि साल 2022 से कौशल दीक्षांत समारोह की शुरुआत मोदी सरकार ने की थी। सरकार के अनुसार इसका उद्देश्य श्रम को प्रतिष्ठा दिलाना, हुनरमंद युवाओं का सम्मान बढ़ाना और यह संदेश देना है कि कौशल प्रशिक्षण भी उज्ज्वल करियर का सशक्त माध्यम है। अच्छी बात है कि जिन युवाओं को इंजीनियरिंग या मेडिकल या एमबीएम में दाखिला नहीं मिल पाता, और जो परिस्थितिवश आईटीआई जैसे संस्थानों से पढ़ते हैं, उन्हें दीक्षांत समारोह में सम्मानित कर उनके आत्मविश्वास को बरकरार रखा जाए। लेकिन क्या इसके लिए यह जरूरी है कि अन्य डिग्रीधारियों का अपमान किया जाए। मोदी का यह बयान हॉर्वर्ड से हार्ड वर्क की तुलना करने जैसा ही है। पता नहीं कौन सी कुंठा या हीनभावना का शिकार हैं मोदी कि बार–बार कुलीनता या आभिजात्य को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं। उनकी इस कुंठा का ही सबसे ज्यादा नुकसान नौजवानों को उठाना पड़ रहा है। लखनऊ से पहले मोदी खड़गपुर आईआईटी में भी गए थे। इस संस्थान की गिनती दुनिया के श्रेष्ठ उच्च शिक्षा संस्थानों मे होती है। सुंदर पिचाई और अरविंद केजरीवाल जैसे कई नामी–गिरामी लोग इसी आईआईटी खड़गपुर की देन हैं। आईआईटी में दाखिले के लिए देश के लाखों बच्चे कितनी मेहनत करते हैं, यह उनके मां–बाप और शिक्षक जानते हैं। बल्कि कोचिंग संस्थानों का अरबों का धंधा आईआईटी में दाखिले के नाम पर ही खड़ा हुआ। अगर सरकार शिक्षा को अपनी प्राथमिकता में रखती और देश में ज्यादा से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेज, आईआईटी खोलती, तो बच्चों को दाखिले के लिए असह्य मानसिक तनाव से न गुजरना पड़ता। खैर, वह अलग चर्चा का विषय है। लेकिन शनिवार को यह देखकर पीड़ा हुई कि आईआईटी खड़गपुर तक जो बच्चे अपनी मेहनत से पहुंचे, वहां उन्हें प्रधानमंत्री की बेतुकी बातें सुननी पड़ीं। नेहरू की पहल पर बने आईआईटी खड़गपुर को 75 साल हो चुके हैं, इस मौके पर मोदी ने शविकसित भारत के लिए 75 आवाजेंय पहल के अंतर्गत 75 छात्रों से संवाद किया। जिसमें कहा गया कि नवाचार, आत्मनिर्भरता और विकसित भारत के निर्माण पर चर्चा हुई। लेकिन मोदी ने जिस तरह छात्रों से बातचीत की, उनके वीडियो देखकर लगता है कि उसमें नवाचार नहीं बल्कि बेतुकी बातें ज्यादा दिखीं। मोदी ने छात्रों को ऐसी 100 चीजों की पहचान करने के लिए कहा जिनका भारत आयात करता है, ताकि देश में ही उनका समाधान निकालकर उत्पादन और निर्यात शुरू किया जा सके। फिर ऐसी व्यवस्था विकसित करने कहा जिससे छात्रों की गतिविधियों का विश्लेषण कर माता–पिता को यह समझने में मदद मिले कि उनका बच्चा किस क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है। मोदी ने छात्रों से साफ कहा कि विकसित भारत तो आप ही बनाएंगे। पहली बार देश ऐसा प्रधानमंत्री देख रहा है जो खुद कुछ नहीं करता, और बाकी सबसे काम करने के लिए कहता है। अभी उद्योगपतियों से मोदी ने कहा था कि आप नौकरी दीजिए, वेतन बढ़ाइए। अब वो छात्रों से कह रहे हैं कि देश में उत्पादन और निर्यात शुरु करने के लिए काम करिए। बेशक देश के नौजवान ये सब करेंगे, लेकिन क्या मोदी ने इसके लिए उन्हें संसाधन और सुविधाएं दी हैं। एक लाख से ज्यादा स्कूल बंद करके जहां बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से वंचित किया गया है, पेपर लीक के कारण बच्चे आत्महत्या करते हैं और मोदी अफसोस भी नहीं करते, शैक्षणिक संस्थानों में वैज्ञानिक सोच की जगह दकियानूसी बातों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जाति, धर्म के नाम पर छात्रों से भेदभाव होता है, शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होती, शोध कार्यों को प्रोत्साहन नहीं मिलता, और ऊपर से मोदी चाहते हैं कि छात्र आयात कम करने और निर्यात बढ़ाने में मदद करें। खड़गपुर और लखनऊ दोनों जगहों में दो अलग–अलग शैक्षणिक योग्यता वाले युवाओं से मोदी का संवाद एक जैसा निम्नस्तरीय और निराशाजनक रहा।

शेनझेन त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन ने की चीन की वैश्विक छवि मजबूत

नित्य चक्रवर्ती

गुरुवार, 19 नवंबर को शेनझेन में हुए 90 मिनट के त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में अमेरिका, चीन और रूस के राष्ट्रपतियों ने हिस्सा लिया। इस सम्मेलन ने मौजूदा वैश्विक कूटनीति में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मजबूत स्थिति को साबित कर दिया, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प को वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए अपने चार–सूत्री एजंडे को शेनझेन घोषणा–पत्र का हिस्सा बनाने के लिए राजी कर लिया। यह त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन केवल चीन द्वारा तैयार किया गया एक दिखावा नहीं थाय बल्कि, इसमें हुई स्पष्ट बातचीत ने दुनिया की इन तीन प्रमुख शक्तियों को एक–दूसरे के करीब ला दिया। इन तीनों देशों को मौजूदा अस्थिर हालात से मिलकर निपटने के लिए एक–दूसरे के सहयोग की जरूरत थी। यह घोषणा–पत्र संक्षिप्त था और इसमें केवल नेक इरादे जाहिर किए गए थे, लेकिन इसका सबसे सकारात्मक पहलू यह था कि इसमें पूर्ण परमाणु युद्ध को टालने के लिए बातचीत और चर्चा पर जोर दिया गया। ट्रम्प ने शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन से बातचीत की शुरुआत करते हुए कहा कि–हम इतिहास रच रहे हैंय। उन्होंने कहा कि अमेरिका, चीन और रूस ऐसी स्थिति में हैं जहां वे अपने परमाणु जखीरे पर चर्चा कर सकते हैं और इनके इस्तेमाल के जोखिम को कम कर सकते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि बातचीत के मौकों को ठुकरा कर शांति हासिल नहीं की जा सकती। ट्रम्प की बातों में ईमानदारी झलक रही थी, और शी तथा पुतिन ने भी उसी तरह सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हुआ जब अमेरिका और रूस के बीच मौजूदा परमाणु समझौता फरवरी 2027 में खत्म होने वाला है। इसके अलावा, व्यापार वार्ता के संदर्भ में, पिछले मई के शिखर सम्मेलन में चीन और अमेरिका के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत चीन अमेरिका को महत्वपूर्ण खनिज निर्यात करता है, और अमेरिका चीन को एआई चिप्स निर्यात करता है। यह समझौता भी जनवरी 2027 में समाप्त हो रहा है। इसलिए, चीन और अमेरिका दोनों को इस बात पर गहन चर्चा करने की जरूरत थी कि एनवीडिया विवाद के बावजूद अमेरिका–चीन व्यापार की गति को कैसे बनाए रखा जाए। जहां तक रूस की बात है, पुतिन यूक्रेन युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए ट्रम्प पर निर्भर हैं। वह चाहते हैं कि एक नए समझौते के तहत, वर्तमान में रूस के कब्जे वाले इलाके रूस के पास ही रह जाएं। ट्रम्प के मनाने के बावजूद, यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की इन शर्तों को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें यूरोपीय ताकतों का समर्थन मिल रहा है, जो उन्हें ट्रम्प की बात न मानने और यूरोपीय हथियारों एवं फंड की मदद से रूस के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के लिए उकसा रही हैं। ट्रम्प के लिए परेशानी की बात यह रही कि 19 नवंबर को बर्लिन में यूरोप के 20 देशों के प्रमुखों और नाटो के महासचिव मार्क रुटे ने बैठक की, ताकि यूक्रेन की मदद के लिए कोई योजना बनाई जा सके। उन्होंने 2027 तक के लिए एक फंडिंग कार्यक्रम पर काम किया। इस बैठक में राष्ट्रपति जेलेंस्की भी शामिल हुए। दूसरी ओर, शेनझेन में अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने भी यूक्रेन को लेकर अपनाई गई नीति का मजाक उड़ाया और 2014 के श्यूरोमैदान तख्तापलटश में अमेरिका की भूमिका की आलोचना की। इसलिए, ट्रम्प ऐसी कोई ठोस योजना पुतिन को नहीं दे पाए, जो यूक्रेन के राष्ट्रपति को भी मंजूर हो। लेकिन पुतिन के पास कोई और विकल्प नहीं है। उन्हें अपनी इज्जत बचाते हुए युद्ध से बाहर निकलने के लिए ट्रम्प पर ही निर्भर रहना होगा। लगभग पांच साल के युद्ध में रूस की अर्थव्यवस्था और सेना को भारी नुकसान पहुंचा है, जबकि यूक्रेन पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है और वहां दस लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। बेहतर यही होगा कि ट्रम्प की मदद से यूक्रेन युद्ध समाप्त हो जाए। त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन से ठीक पहले, शेनझेन में तीन द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन हुए, जिनमें सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। सबसे पहले, शी और पुतिन के बीच बैठक हुई, जिसमें ट्रम्प से निपटने के लिए एक साझा रणनीति बनाने पर बात हुई। इसके बाद ट्रम्प और शी के बीच बैठक हुई, जिसमें व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से चीन को एआई चिप्स के निर्यात की मौजूदा व्यवस्था को जारी रखने पर ध्यान दिया गया। हालांकि चीन ने वैकल्पिक आपूर्ति के लिए दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत शुरू कर दी है, लेकिन इस समय चीनी हाई–टेक उद्योग के लिए अमेरिकी चिप्स बहुत जरूरी हैं। शी और ट्रम्प ने एक समझौता निकालने की कोशिश की। इस पर आगे की चर्चा मियामी में होने वाले अगले दौर की बातचीत में होगी, जब राष्ट्रपति शी 14 और 15 दिसंबर को जी–20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। पुतिन के साथ ट्रम्प की द्विपक्षीय बैठक के एजंडे में यूक्रेन युद्ध और परमाणु समझौता शामिल थे, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान यूक्रेन युद्ध पर रहा। पुतिन ने बर्लिन में यूरोपीय शक्तियों की बैठक को लेकर अपनी चिंता जताई और कहा कि इससे जेलेंस्की को ट्रम्प के किसी भी प्रस्ताव को ठुकराने का बढ़ावा मिल सकता है। आबू धाबी में रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच हाल ही में हुई बातचीत के नतीजों की समीक्षा की गई। ट्रम्प, रूसी राष्ट्रपति की शर्तों पर युद्ध खत्म करने के लिए पुतिन को कोई गारंटी नहीं दे सके। चीनी मीडिया इस त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन को शनियम–आधारित अंतरराष्ट्रीय



व्यवस्थाश वाली दुनिया बनाने की चीन की नीति की एक बड़ी सफलता के रूप में पेश कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के ठंडे रवैये के बावजूद, चीन ने ही इस शिखर सम्मेलन की पहल की थी। शेनझेन घोषणापत्र का प्ररूप सबसे पहले चीन के सरकारी मीडिया ने जारी किया। व्हाइट हाउस ने काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। शिखर सम्मेलन खत्म होते ही ट्रम्प बिना प्रेस से कुछ कहे हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गए। यह सब चीन का एक बड़ा दिखावा था, जिसका मकसद यह साबित करना था कि अमेरिकी राष्ट्रपति की ताकत के कमजोर होने के मौजूदा दौर में, राष्ट्रपति शी जिनपिंग वैश्विक कूटनीति के सबसे बड़े नेता के रूप में उभरे हैं। शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति शी ने चार बातें रखीं कि कैसे प्रमुख देश आपस में मिल–जुलकर रह सकते हैं और मिलकर विश्व शांति को मजबूत कर सकते हैं। शी ने कहा कि प्रमुख देशों को आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व, दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद सहयोग, और बातचीत व परामर्श को बढ़ावा देना चाहिए। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन, रूस और अमेरिका को साझेदार और दोस्त होना चाहिए, तथा उन्हें आपस में टकराव या संघर्ष की स्थिति से बचना चाहिए। इस त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में आपसी सहयोग के लिए एक सकारात्मक माहौल देखने को मिला। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले महीनों में यूक्रेन युद्ध और ईरान–इजरायल के बीच चल रहे टकराव जैसे मुद्दों को सुलझाने के लिए इस सहयोगात्मक भावना को कैसे आगे बढ़ाया जाता है।

हिन्दू–मुस्लिम चलाने के लिए बीजेपी को मुस्लिम नेताओं का सहारा

शकील अख्तर

उत्तर प्रदेश में बीजेपी के शासन से मुस्लिम नेता खुश हैं और उसे फिर से सत्ता दिलाने की तैयारी कर रहे हैं! डबल इंजन सरकार का हिन्दू–मुस्लिम चल नहीं पा रहा था तो इसे चलाने की जिम्मेदारी मुस्लिम नेताओं ने ले ली। अलग–अलग पार्टी के नेता आपस में दाढ़ी पर बहस करने लगे। जनता विपक्ष से अपनी वास्तविक समस्याओं पर बात चाहती थी। महंगाई, बेरोजगारी, टूटी सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर। मगर विपक्ष के मुस्लिम नेताओं की पहली प्रायरटी एक दूसरे पर स्कोर सेटल करने की लग रही है। दाढ़ी है, दाढ़ी नहीं है, दाढ़ी का मतलब क्या है जैसे अप्रासंगिक सवाल चुनाव के केन्द्र में ला रहे हैं। बीजेपी तो चाहती ही यही है कि चुनाव में उसकी दस साल की नाकामयाबियों पर बात नहीं हो बल्कि दाढ़ी, बुर्का, नमाज, अजान पर हो। मुख्यमंत्री योगी ने साफ कहा कि चुनाव 80–20 का होगा। यही उनका एकमात्र हथियार है। दस साल पहले 2017 में हिन्दू–मुस्लिम विभाजन के आधार पर ही प्रधानमंत्री मोदी ने यूपी में चुनाव प्रचार किया था। श्मशान कब्रिस्तान की बात की थी। मगर जनता ने देख लिया कि जिस श्मशान के नाम पर वोट मांगे थे वहां लकड़ियों तक कि व्यवस्था नहीं कर पाए और कोविड में लोगों को अपने परिजनों के शव पुलों से नीचे फेंकने पड़े, रेत में दबा कर आना पड़ा। जनता की समझ में आ रहा है कि यह सिर्फ बातें करते हैं। उसे अमल में लाने की कोई इच्छा नहीं होती। एक के बाद एक जुमले फेंको और आगे बढ़ते जाओ! भैंस तक को चर्चा में ले आओ। कितना विकास किया उन्होंने सोचिए भैंस मुख्य चर्चा में! ये लोग नेहरू तक की बात करते हैं। मुगलों तक चले जाते हैं। एक हजार साल पहले मोहम्मद गजनी तक। मगर पांच हजार साल पहले तक के भारत के इतिहास पर चले जाओ कहीं भैंस ऐसी चर्चा में नहीं मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा मुख्यमंत्री ने कहा! प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तुम्हारी भैंस उठा कर ले जाएंगे! उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भैंस चरा रहे होते! अखिलेश यादव ने इसका अच्छा जवाब दिया और वह भी योगी के निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर जाकर कि जनता बताए कि क्या गाय–भैंस चराना कोई अपराध है? अखिलेश को जवाब देना पड़ा क्योंकि हिकारत से उन्हीं के लिए सेफई में भैंस चराते होते मुख्यमंत्री योगी ने कहा था। लेकिन जनता के मन में यह सवाल आना चाहिए कि कभी देश में नेता लोग शिक्षा, नौकरी, स्वास्थ्य सेवाओं पर बात करते थे और आज के सत्ताधारी या तो हिन्दू–मुस्लिम करते हैं या भैंस की बात ले आते हैं। नेहरू के पीछे इसीलिए पड़े रहते हैं कि वे साइंटिफिक टेंपर (वैज्ञानिक मिजाज) की बात करते थे। ये देश को आगे ले जाने के बदले पीछे ले जाने की बात करते हैं। नेहरू ने एम्स आईआईटी खोले की डाक्टर–ईंजीनियर बनो। ये कहते हैं पकोड़े बेचो। जनता की समझ में आने लगा है। राजस्थान के पंचायती चुनाव इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। बीजेपी का सूपड़ा साफ हो गया। पंचायतों के चुनाव में आम तौर पर सत्ता पक्ष ही जीतता है। सारे संसाधन उसके पास होते हैं। विपक्ष को लड़ने ही नहीं देता। कुछ साल पहले हुए यूपी के पंचायत चुनावों में सबने देखा। नामांकन ही नहीं भरने दिए गए। खूब वीडियो वायरल हुए कि नामिनेशन पेपर ही छीन लिया। मगर नाराजगी इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि राजस्थान में कोई हरबा काम नहीं आया। उलटी पड़ गईं सब तदबीरें कुछ दवा ने काम किया! और यह स्थिति केवल राजस्थान में ही नहीं जहां–जहां डबल इंजन की सरकारें हैं सब जगह है। अगले साल 2027 में सात राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में साल शुरू होते ही और गुजरात एवं हिमाचल में साल के अंत में। भाजपा के लिए बहुत मुश्किल। तीन बड़े राज्यों में से पंजाब में उसका कुछ है नहीं है और उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में भारी एंटी इन्क्मबेंसी। राजस्थान भी इन्हीं की तरह एक हिन्दी राज्य है। वहां के नतीजे भाजपा के खिलाफ नाराजगी के तौर पर देखे जा रहे हैं। भाजपा के पास इसका इलाज क्या है? वह जनता को सुविधाएं देने की सोच से काम करती नहीं है। वह तो केवल धार्मिक ध्रुवीकरण जानती है और इस बार इन सात राज्यों में से सबसे ज्यादा निगाहें जहां रहने वाली हैं उस उत्तर प्रदेश में धार्मिक ध्रुवीकरण चलता दिखाई नहीं दे रहा है। इसी काम की मदद के लिए ओवैसी को लाया गया है। बीजेपी बहुसंख्यक समाज का ध्रुवीकरण करती है और अल्पसंख्यकों का ओवैसी करें यह इनका गेम प्लान था। ओवैसी बिल्कुल निम्न स्तर पर उतर यह काम कर रहे हैं। मुस्लिम को संघ बीजेपी के दिए नाम अब्दुल से संबोधित करके उन्हीं के द्वारा उसे दरी बिछाने वाला बताने को दोहराने से लेकर कांग्रेस समाजवादी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने तक वे कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मगर फिर भी असर नहीं हो रहा। तो आजम खान उन्हीं की जबान में उन्हें जवाब देने लगे। और फिर इमरान मसूद कहां चुप रहने वाले थे। वे दाढ़ी पर अपने विचार देने लगे। दाढ़ी पर आप लोगों के विचारों की जरूरत क्या है? बहाना यह होता है कि मीडिया ने पूछा था। अच्छा! अगर पूछा था तो जवाब देना जरूरी है? गलत मंशा से पूछे गए सवाल का जवाब देना राजनीति में बेवकूफी कहलाता है। कोई समझदार नेता कभी लोडेड सवाल (फंसाने वाला) का जवाब नहीं देता। यह लोग खुद को बेवकूफ साबित कर रहे हैं या यह भी ध्रुवीकरण की साजिश में शामिल हैं? ओवैसी की तो भाषा, इरादे सब बहुत निम्न स्तर के हैं। राहुल गांधी की जिस तरह उन्होंने मिमिक्री की थी वह बहुत ही शर्मनाक है। बीजेपी और संघ परिवार के स्तर की और फिर इस चुनाव में सारे मुस्लिम को एक ही नाम अब्दुल से बुलाकर उनकी सारी व्यक्तिगत पहचान खत्म करके उसे दरी बिछाने वाला बताकर उन्होंने यह भी साबित कर दिया कि उन्हें मुसलमानों से भी कोई मतलब नहीं है। केवल बीजेपी का हुक्म बजाना है। क्या उन्हें मालूम है कि एक समय में दलितों को ऐसे ही अपमानित करने के लिए संघ के लोग उन्हें जगजीवन राम के नाम से पुकारते थे?

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का संकल्प है ट्रस्ट : घनानंद यादव

देवघाट में `धरतीपुत्र नगर' की स्थापना, स्व. मालती यादव महिला सिलाई एवं प्रशिक्षण संस्थान का शिलान्यास, मुलायम सिंह यादव की जयंती पर आयोजित भंडारे में उमड़े हजारों लोग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। तहसील कोरांव के ग्राम देवघाट (बैठकवा) में ध रतीपुत्र मुलायम सिंह सामाजिक परिवर्तन ट्रस्ट की ओर से समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव में 'धरतीपुत्र नगर' की स्थापना की गई। साथ ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की माता स्व. मालती यादव के नाम पर महिला सिलाई एवं प्रशिक्षण संस्थान का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के तहत विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रसाद एवं भोजन ग्रहण किया।



शिलान्यास किए गए महिला सिलाई एवं प्रशिक्षण संस्थान को पूरी तरह महिलाओं को समर्पित किया गया है। इसकी विशेषता यह होगी कि संस्थान की सभी कार्यकारी जिम्मेदारियां महिलाएं ही संभालेंगी। ट्रस्ट की ओर से महिलाओं को सिलाई एवं प्रशिक्षण के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के साथ उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने में भी सहयोग किया जाएगा। इसका उद्देश्य महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सदानंद यादव एवं घनानंद यादव तथा ट्रस्ट के संरक्षक और समाजसेवी घनानंद यादव के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान घनानंद यादव ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं को



आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। इसके साथ ही समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के जीवन में खुशियां लाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाना है। उन्होंने कहा कि महिला सिलाई एवं प्रशिक्षण संस्थान इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों की ओर से अपने गांव का नाम श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव के सम्मान में 'ध रतीपुत्र नगर' रखा गया है। ट्रस्ट की ओर से प्रत्येक वर्ष 22 नवंबर को धरतीपुत्र नगर स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से इस सामाजिक अभियान और महिला सशक्तीकरण की पहल से जुड़कर सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामानंद यादव (प्रवक्ता हिंदी, बिहार), रमाशंकर भास्कर पूर्व डिप्टी कमिश्नर उत्तर प्रदेश, राधेश्याम यादव, संजय पटेल, सूर्यप्रकाश, ग्राम प्रधान देवघाट शिवलाल कन्नौजिया, निर्मला यादव पूर्व सदस्य पिछड़ा आयोग उत्तर प्रदेश सरकार, वजीर खान पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा समाजवादी पार्टी, नवनीति यादव, मनुराज, इंद्रपाल, बबलू कोल, टेलर, झग्गड़ कोल, बृजलाल चौधरी, आकाश सिंह, अखिलेश पांडेय भगेशर, शैलेंद्र यादव नैका शंकरगढ़, हरिश्याम एवं श्यामकुंवर सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

मंजूरी और बजट के बाद भी नहीं बनी सड़क, बच्चों की राह मुश्किल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। शिवगढ़ में ठाकुरद्वारा मंदिर से संकल्प स्कूल तक करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण फरवरी में स्वीकृत हो चुका है। इसके लिए बजट भी पास है, लेकिन कई महीने बीतने के बाद भी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) निर्माण कार्य शुरू नहीं करा सका है। सरकारी मंजूरी और बजट होने के बावजूद सड़क का न बनना विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।



इस मार्ग से प्रतिदिन संकल्प स्कूल के बच्चे आवागमन करते हैं। सड़क निर्माण में देरी के कारण उन्हें और स्थानीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बच्चों की आवाजाही से जुड़े इस महत्वपूर्ण मार्ग की अनदेखी आखिर कब तक होती रहेगी? क्या प्रशासन किसी बड़ी समस्या का इंतजार कर रहा है?

सड़क निर्माण का मामला प्रयागराज के जिलाधिकारी के संज्ञान में है। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक में जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों के सामने भी यह मुद्दा उठाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता तुषार से बातचीत में ठेकेदार की दबंगई के कारण काम अटके होने की बात सामने आई। यदि ठेकेदार के दबाव में सरकारी स्वीकृति के बावजूद निर्माण नहीं हो पा रहा है तो यह गंभीर मामला है। प्रशासन को बाधा दूर कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए और सड़क निर्माण तत्काल शुरू कराना चाहिए।

देव दीपावली का भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजन सम्पन्न

लाखों दीप मालिकाओ की अद्भुत छटा से जगमग हुआ संगम क्षेत्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज 24 नवंबर। जिला प्रशासन एवं प्रयागराज मेला प्राधिकरण के द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को संगम क्षेत्र में देव दीपावली पावन पर्व का भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगम नोज सहित अन्य घाट लाखों दीप मालिकाओं की अद्भुत छटा से जगमग हुए। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा के द्वारा सभी माननीय अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। देव दीपावली के अवसर पर गंगा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आतिशबाजी का आयोजन के साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सैंण्डआर्ट, सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया।



देव दीपावली के शुभ अवसर पर माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायमूर्ति श्री अरुण भंसाली, माननीय न्यायमूर्ति श्री तरुण सक्सेना, माननीय न्यायमूर्ति श्री मदन पाल सिंह, ओडी फोर्ड के कमांडेंट, पुलिस आयुक्त श्री पीयूष मोर्डिया, जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा, अपर पुलिस आयुक्त डॉ अजय पाल शर्मा, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षध्मेलाधिकारी श्री ऋषिराज व अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां त्रिवेणी की भव्य रूप से आरती की गयी एवं तत्पश्चात दीप दान किया गया।

देव दीपावली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी तय की गयी थी, उसी के अनुरूप विभागों के द्वारा व्यवस्थायें की गयी थी। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं के लिए प्रकाश एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समुचित व्यवस्था की गयी थी। इस अवसर पर सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बहुत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर रंजना त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर श्री मंगलेश दुबे, नगर मजिस्ट्रेट श्री विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी श्री अभिनव पाठक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निजामुद्दीन पुत्र मोहम्मद सिद्दीक, निवासी बारा, थाना बारा जनपद प्रयागराज, अपने पुत्र जमील अहमद एवं पुत्रवधू आमिना बेगम एवं उनके पांच बच्चों को अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूं तथा उनसे अपने समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद करता हूं। मेरे पुत्र एवं पुत्रवधू व पुत्र के पांचों बच्चें मेरे कहने सुनने में नहीं है और गैर सामाजिक कार्य करते है।

आज दिनांक 19/11/2026 से मेरे पुत्र एवं पुत्रवधू व पुत्र के पांचों बच्चों द्वारा किए जाने वाले किसी भी प्रकार के कृत्य, लेन–देन, वाद–विवाद, विवादित गतिविधियों अथवा अन्य कार्यों के लिए मैं निजामुद्दीन एवं मेरे परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी प्रकार से जिम्मेदार अथवा उत्तरदायी नहीं होगा। उसके लिए मेरे पुत्र एवं पुत्रवधू व उनके पांचों बच्चें स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भविष्य में मेरे जमील अहमद पुत्र एवं पुत्रवधू, बच्चों से किसी भी प्रकार का लेन–देन अथवा व्यवहार, गलत कृत्य करने से पूर्व स्वयं जिम्मेदारी सुनिश्चित कर लें। उनका मेरे एवं मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई संबंध अथवा सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ता
निजामुद्दीन
पुत्र मोहम्मद सिद्दीक
निवासी बारा थाना बारा,
जनपद प्रयागराज उ0प्र0

अलायंस नेशनल अकादमी में विज्ञान के प्रयोगों से बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

अत्याधुनिक तकनीक, सोलर एनर्जी, जल संरक्षण और पर्यावरण से जुड़े मॉडल बने आकर्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा। बच्चों ने विज्ञान की अवधारणाओं को अपने हुनर और कल्पनाशीलता के जरिए साकार किया। किसी ने स्मार्ट सिटी का मॉडल बनाया तो किसी ने जल संरक्षण और प्राकृतिक घटनाओं को वैज्ञानिक तरीके से समझाया। विद्यार्थियों की इस प्रस्तुति ने विज्ञान के प्रति उनकी समझ और रचनात्मक सोच को प्रदर्शित किया।

मऊआइमा के टोल प्लाजा स्थित अलायंस नेशनल एकेडमी में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र–छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें कार्बन प्यूरिफिकेशन, वाटर साइकिल, ऑटोमैटिक इरीगेशन सिस्टम, माइक्रोस्कोप, डीएनए, सोलर सिस्टम, सौर एवं चंद्र ग्रहण, फ्लड अलर्ट सिस्टम, स्मार्ट सिटी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और इलेक्ट्रिक सर्किट प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली समझाते हुए उनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी भी दी। अतिथियों और अभिभावकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रदर्शनी में कुलसुम सिद्दीकी, अरशुमा बानो, वजीहा फातिमा, अलीशा नसीम, मोहम्मद अकमल, उज्मा कौसर, अरीबा बानो, नायला अमजद, इकरा शाहीन, मोहम्मद हिफ्जान, मोहम्मद राशिद, अक्सा नईम, सिदरा बानो, हमदान साजिद, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद ताऊज, अब्दुल हादी, आयरह इमरान, अर्शिया फातिमा, अब्दुल्ला रेहान, मरियम मुजीब और आरिशा बानो सहित अन्य विद्यार्थियों ने



प्रतिभाग किया।

मॉडल तैयार कराने और विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने में शिक्षक मोहम्मद अक्सान, सुफियान अहमद, मोहम्मद रशाद और महविश फातिमा की अहम भूमिका रही। प्रधानाचार्य रुबीना बानो ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है और वे प्रयोगों के माध्यम से बेहतर तरीके से सीखते हैं। निदेशक डॉ. हसीब उद्दीन नदवी ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

चार से आठ जनवरी तक नेशनल गेम ब्बवालीबालऋ प्रयागराज में

प्रयागराज जेडी डा ब्रजेश कुमार मिश्र ने तैयारियों की संभाली कमान

राष्ट्रीय स्तर की 40 वालीबाल टीमें होगी शामिल

सीएवी के मैदान पर चल रही आयोजन की तैयारियां

आयोजन की व्यापक स्तर पर हो रही है तैयारियां : डा ब्रजेश मिश्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। नेशनल गेम (वालीबाल) का आयोजन चार जनवरी से लेकर आठ जनवरी 2027 तक प्रयागराज के सीएवी इण्टर कालेज एमजी मार्ग पर होने जा रहा है जिसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रयागराज मण्डल के संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) डा ब्रजेश कुमार मिश्र ने शुरू कर दिया है।



नेशनल गेम बालीबाल में 40 से अधिक टीमों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने जोर देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के दौरान स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसजेएफआई) के सभी नियमों और मानकों का पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल गेम (बालीबाल) का आयोजन प्रयागराज में चार जनवरी से होने जा रहा है जिसकी तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू हो गयी है। उन्होंने बताया कि नेशनल गेम के आयोजन का प्रचार प्रसार शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। जेडी डा ब्रजेश कुमार मिश्र ने बताया कि नेशनल गेम के प्रचार प्रसार के लिए जिले के सभी विद्यालयों को शामिल किया गया है, सभी विद्यालयों के गेट पर नेशनल गेम के आयोजन की होर्डिंग और बैनर लगेगा। सभी प्रमुख संस्थाओं और विभागों को भी आयोजन की सफलता के लिए शामिल किया जा रहा है जिससे कि आयोजन बहुत अच्छा हो।

जेडी डा ब्रजेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी, इस दौरान फ्लड लाइट की भी व्यवस्था रहेगी। शाम सात बजे प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जिसमें स्थानीय कलाकार और विद्यालयों के छात्र – छात्राएं शामिल होगे। उन्होंने बताया कि नेशनल गेम के प्रचार – प्रसार और जागरूकता के लिए शीघ्र व्यापक स्तर पर कार्यक्रम शुरू होगा जिसमें सभी विभागों को शामिल किया जायेगा। जेडी डा ब्रजेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ और समापन अलग – अलग अतिथि करेगे। टीमों के खिलाडियों के रुकने, आने – जाने और खाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

स्पेलियर तकनीक से खेती करने पर बढ़ेगा अमरूद फसल का उत्पादन- डॉ0 शैलेंद्र सिंह



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज में मुख्यमंत्री राज्य और औद्यानिक विकास मिशन योजना अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रसार निदेशालय शुआटस नैनी प्रयागराज के द्वारा बताया गया कि परंपरागत विधि की तुलना में यदि अमरूद के पौधों को दो से तीन मीटर की दूरी पर कतर में रोपित करने तथा एक स्थाई स्ट्रक्चर (ढांचा) तैयार कर उसे पर अमरूद के पौधों को चढ़कर उत्पादन लिया जाए तो गुणवत्ता युक्त उत्पादन पुरानी फसल की तुलना में अधिक प्राप्त होगा इस तकनीक का प्रदर्शन औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग में किया गया है जिसका लाभ भी अमरूद उत्पादक प्राप्त कर सकते हैं इसके अलावा उद्यान विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक, उद्यान विज्ञान डॉ अनुराग तायडे द्वारा बागों एवं पौधों पर लगने वाले कीट बीमारी की पहचान करते हुए उनके नियंत्रण की जानकारी दी गई कृषि रक्षा रसायनों के उपयोग तथा उनके कुशल प्रबंधन के विषय पर डॉ सत्यम सिंह बिलोवुड प्राइवेट लिमिटेड के एरिया मैनेजर द्वारा कृषि रक्षा रसायनों के दुष्प्रभाव तथा उनके संतुलित उपयोग पर चर्चा करते हुए कहा कि जब पौधों में आर्थिक क्षेत्र स्टार से अधिक नुकसान होने लगे तो उसे समय रसायनों का प्रयोग



करके किट व बीमारी का नियंत्रण करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है इसके अलावा प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी विजय किशोर सिंह द्वारा अमरूद की वेज ग्राफ्टिंग तकनीक की जानकारी देते हुए कहा कि नवंबर से जनवरी के मध्य अमरूद में ग्राफ्टिंग करके कलमी पौधों का उत्पादन किया जा सकता है प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रतिभागियों के मध्य एक प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें उत्तीर्ण प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण किट एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए प्रशिक्षण में जनपद प्रयागराज कौशांबी एवं फतेहपुर के 50 प्रगतिशील कृषकों द्वारा भाग लिया गया कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार यादव उद्यान निरीक्षक द्वारा किया गया।

धीरेन्द्र शास्त्री लड रहे हिंदुत्व के लिए लड़ाई, हम सब साथ : स्वामी शाडिल्य महराज

अधिवक्ता संतोष मिश्र करेगे स्वामी रामदेव पर मानहानि का मुकदमा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज (श्रृंगवेरपुर धाम)। श्रृंगवेरपुर धाम के पीठाधीश्वर श्रीमदजगदगुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य जी महाराज ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर स्वामी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को लेकर योग गुरु बाबा रामदेव के बयान पर आज प्रयागराज में कडी आपत्ति दर्ज कराई है। स्वामी शांडिल्य जी महाराज ने कहा कि ष्देखिए, आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी ने त्याग, तपस्या और इतनी मेहनत करके यह मुकाम हासिल किया है। अगर उनकी सफलता से किसी को जलन हो रही है, तो यह बड़े दुर्भाग्य की बात और विषय है। आप भी इतनी भीड़ इकट्ठी कर लीजिए, जल क्यों रहे हैं? आपके गुरु कौन हैं और उनके गुरु कौन हैं ? तुलसीपीठाधीश्वर जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी उनके गुरु हैं। उन्होंने कुछ खूबियां देखी होंगी, तभी तो पीठाधीश्वर स्वामी धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को महंत बनाया है। आप तो अभी दो दिन पहले उनसे मिलकर कुण्डा से गए हैं। यह खाली मैं बड़ा कि तू बड़ा वाली कहानी कर रहे हैं जिसने अपने गुरु को ही गायब करा दिया हो और जिसका आज तक पता ना चला हो, ऐसे स्वामी रामदेव पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री पर आरोप लगाएंगे ? उनका सिर तना, जड़ से लेकर पुनी तक कहीं कुछ पता नहीं है। योग और आयुर्वेद नहीं होता, तो स्वामी रामदेव को कोई जानता नहीं, और कितनी दवाइयां वे बेच रहे हैं, कितनी बार सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बुलाकर फटकार लगाई है, यह उन्हें नहीं पता है। जगदगुरू स्वामी शाडिल्य महराज ने जोर देते हुए कहा कि सनातन को कौन जोड़ रहा है और सनातन को कौन तोड़ रहा है, यह सबको पता है। इसलिए बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर स्वामी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को ज्ञान देने या सीख देने की आवश्यकता नहीं है। वह जहां हैं, सही हैं और हर तरीके से हिंदुत्व के लिए जो लड़ाई लड़ रहे हैं, आज तक कोई ऐसा संत नहीं लड़ा है इसलिए हम संतों का समर्थन उनके साथ है और हमेशा रहेगा। श्रृंगवेरपुर धाम के पीठाधीश्वर श्रीमदजगदगुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य जी महाराज ने बताया कि अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्र योग गुरु स्वामी रामदेव पर मानहानि का मुकदमा करने जा रहे है जिसकी सभी तैयारियां पूरी हो गयी है।

जाम से हलाकान दिखा लालगंज चौक इलाका

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। नगर का चौक इलाका मंगलवार को भीषण जाम से हलाकान दिखा। कस्बे में मुख्य चौराहे से लेकर बड़े हनुमान मंदिर तथा सीओ कार्यालय तक वाहनों की लम्बी कतार लगी दिखी। जाम के चलते वाहन रेंगते नजर आये तो वहीं जाम में फंसे राहगीर पुलिस प्रशासन को कोसते दिखे।



जाम में फंसे स्थानीय लोगों का यह भी कहना रहा कि चौक इलाके में जाम की समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला जा रहा है। चौराहे पर खड़ी रोडवेज की बसों एवं डग्गामार वाहनों तथा अतिक्रमण के चलते हर दिन जाम की समस्या से लोगों को गुजरना पड़ता है। हालांकि जाम हटाने को लेकर पिकेट पुलिस मशक्कत करती नजर आयी।

जादू के करतबों से दर्शक रोमांचित, नशे के खिलाफ छेड़ी जागरूकता की मुहिम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

धाता फतेहपुर। नगर पंचायत धाता के सूर्यकुंड पक्का तालाब परिसर में आयोजित सात दिवसीय जय किसान मानव मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम है। मेले में प्रतिदिन रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इसके साथ ही मनोरंजन और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। सोमवार शाम उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मद्यनिषेध संगोष्ठी एवं जादू शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेला संरक्षक अल्प नारायण सिंह ने किया। जादू शो में प्रसिद्ध जादूगर रविन्द्र कुमार केसरवानी उर्फ गोगा ने अपने अनोखे करतबों से दर्शकों को खूब रोमांचित किया। उन्होंने मंच पर वस्तुओं को हवा में उड़ाने, सामान गायब करने और अचानक रूप बदलने जैसे कई जादुई खेल दिखाए। इन करतबों को देखकर बच्चे ही नहीं, बल्कि युवा और बुजुर्ग भी हैरान रह गए। दर्शकों ने तालियों के साथ जादूगर का उत्साहवर्धन किया। जादू के प्रदर्शन के बीच जादूगर ने नशे के खिलाफ भी लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशे की आदत व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करती है। नशे के कारण जहां गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है, वहीं परिवार आर्थिक और सामाजिक परेशानियों से भी घिर जाते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने परिवार के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने संदेश दिया कि श्नशा निगल रहा है इस पीढ़ी को, बचाओ इसे और अगली पीढ़ी को, नशा नहीं खुशी अपनाएं।श साथ ही बताया कि नशे की समस्या से परेशान लोग परामर्श के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14446 पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में जादुई करतबों के साथ नशा मुक्ति का संदेश आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में मौजूद लोगों ने मनोरंजन के माध्यम से सामाजिक जागरूकता फैलाने के प्रयास की सराहना की।



रिटायर्ड शिक्षक मो. मोबीन खान ने थामा बसपा का दामन

प्रयागराज जोनल कोऑर्डिनेटर राजू गौतम ने दिलाई सदस्यता, बोले- बहन मायावती के नेतृत्व में ही सामाजिक न्याय की लड़ाई को मिलेगी मजबूती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। बहुजन समाज पार्टी की नीतियों और पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए पनी मोहल्ला निवासी रिटायर्ड शिक्षक मो. मोबीन खान ने बसपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रयागराज जोनल कोऑर्डिनेटर राजू गौतम ने एडवोकेट आसिफ खान (पूर्व जिला उपाध्यक्ष, बसपा) की मौजूदगी में उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान राजू गौतम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी केवल



राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और समानता की विचारधारा को आगे बढ़ाने वाला आंदोलन है। पार्टी संस्थापक कांशीराम ने बहुजन समाज को संगठित कर उसे राजनीतिक एवं सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इसी विचारधारा को बहन मायावती ने आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि बहन मायावती के नेतृत्व में सामाजिक न्याय, भाईचारे और संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा की लड़ाई को मजबूती मिली है। बसपा सर्वसमाज को साथ लेकर चलने और वंचित वर्गों को सम्मान एवं बराबरी का अधिकार दिलाने की विचारधारा पर काम करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने आगामी 6 दिसंबर को लखनऊ में होने वाली विशाल महारैली में शामिल होने के लिए आह्वाहन किया। वहीं, मो. मोबीन खान ने कहा कि उन्हें बहन मायावती के नेतृत्व पर पूरा विश्वास है। सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने में बसपा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर संगठन के साथ जुड़ने की बात कही। इस मौके पर नगर सचिव नरेश पासी एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पीके गौतम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डीएम ने मेधावियों को सफलता के लिए पढ़ाया लक्ष्य का प्रेरणास्पद पाठ

आइन्सटीन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में मेधावियों का हुआ सम्मान वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा लोगों का मन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। धधुआ गाजन स्थित आइन्सटीन पब्लिक स्कूल का बीसवां स्थापना वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने स्कूल के सर्वश्रेष्ठ मेधावियों सौरभ यादव, दिव्यांश, अखिल वैश्य, शशांक मिश्र, श्रेया मौर्या, शिवा शुक्ला को मेडल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते हुए हौंसला आफजाई की। वहीं विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला, संरक्षक विभवभूषण शुक्ल, रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डीएम अभिषेक पाण्डेय को विद्यालय की ओर से बुकें एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सार्वजनिक सम्मान सौंपा। इसके पहले निदेशिका श्रुति शुक्ला तथा वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शशिभूषण शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया।



अतिथियों ने संस्थापक अध्यक्ष एवं समाजसेवी पं भगवत प्रसाद शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि डीएम अभिषेक पाण्डेय ने मेधावियों से कहा कि वह सफलता के लिए कभी हताश न हों। उन्होने महान वैज्ञानिक आइन्सटीन तथा अमेरिकी राष्ट्रपति रहे जार्ज बुश के जीवन में संघर्षो का उदाहरण देते हुए मेधावियों को सफलता के लिए लक्ष्य का प्रेरणास्पद पाठ भी पढ़ाया। वहीं डीएम ने अभिवावकों तथा अन्य अतिथियों से स्वागणना अभियान तथा निर्वाचक नामावली सूची के अभियान में बढ़ चढ़कर सहभागिता का आहवान भी किया। उन्होने कहा कि भारत संवैधानिक मूल्यों और लोगों के अधिकार के प्रति सचेत राष्ट्र की भूमिका रखता है। वार्षिकोत्सव में स्कूल की छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां भी दी। भगवान श्रीराम एवं केवट संवाद की लघु नाटिका का भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण देख अभिवावक व अतिथि मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व शिक्षको का भी सारस्वत सम्मान हुआ। कार्यक्रम में रमेशचंद्र मिश्र, प्रांजल मिश्र व प्रवर शुक्ल विशिष्ट अतिथि रहे। प्रधानाचार्य शुभ्रांशु सिंहा ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभवभूषण शुक्ल एवं संचालन हेमन्त शुक्ल, रक्षिता तिवारी, दिव्यांशु, शीरीन व फातिमा ने संयुक्त रूप से किया। उप प्रधानाचार्य आन्द्रे डिसिल्वा ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर डॉ. सौरभ मिश्र, योगेन्द्र शुक्ल, लीना तिवारी, सुरभि पाण्डेय, सुशीला मिश्रा, अनिल तिवारी महेश, रज्जन मिश्र, महेन्द्र पाठक, अखिलेश द्विवेदी, अनिल पाण्डेय, मनोज ओझा, गरिमा मिश्रा, प्रदीप शर्मा, अशोक ओझा, अंकिता, सोनम आदि मौजूद रहे।

पिता के निधन पर जिला पंचायत सदस्य के घर पहुंचे राजा भैया, जताई शोक संवेदना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। कुंडा विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया मंगलवार को चकेड़ी गांव पहुंचे। उन्होंने जिला पंचायत सदस्य दिलीप पांडेय के आवास पर पहुंचकर उनके दिवंगत पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। निधन के चौथे दिन पहुंचे राजा भैया ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को धैर्य बनाए रखने की बात कही और दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।



कन्नौज में हुए सड़क हादसे में कौशांबी में पढ़ने वाले चार बच्चों की मौत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशांबी । कन्नौज में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्कूल की बस को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। बस का पिछला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मंगलवार भोर में हुए इस हादसे में बस सवार चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि



करीब 20 घायल हो गए। टक्कर के बाद बच्चे बस के अंदर फंस गए और मौके पर चीख पुकार मच गई। यह सभी बच्चे कौशांबी से कन्नौज पिकनिक पा जा रहे थे। दुर्घटना ठठिया क्षेत्र में माइलस्टोन 210 के पास हुआ बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से बचाव अभियान शुरू कराया। घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बस कौशांबी जिले के सिराथू क्षेत्र के अफजलपुरवारी स्थित ओरिएंटल पब्लिक स्कूल की थी। बस में 50 बच्चे और छह शिक्षक सवार बताए जा रहे हैं। माइलस्टोन 210 के पास स्कूल बस ड्राइवर ने टायलेट के लिए वाहन किनारे रोका था। इसी दौरान आगरा की ओर से आ रहे ट्रक ने खड़ी बस में जोरदार टक्कर मार दिया। मृतकों में 14 वर्षीय आर्यन चौरसिया पुत्र प्रेम कुमार चौरसिया, 16 वर्षीय रजिउल्ला पुत्र शमी उल्ला 24 निवासी अफजलपुरवारी मोहब्बतपुर पइंसा, 17 साल का ही जैदमिर्जा पुत्र रियाज अहमद निवासी निदौरा फतेहपुर और 17 वर्षीय अरमान पुत्र रियाज अहमद निवासी गौरे खकरेड़ फतेहपुर शामिल हैं।

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर गूंजा कीर्तन, संगत ने लिया गुरु प्रसाद

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया 557वां प्रकाश पर्व, प्रेम और मानवता का दिया संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्रबंधक कमेटी की अगुवाई में जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर साप्ताहिक पाठ की समाप्ति के साथ कीर्तन दरबार एवं गुरु प्रसाद की सेवा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में संगत ने गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेका और गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में ज्ञानी प्रीतम सिंह ने गुरु नानक देव जी के जीवन, इतिहास और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज को प्रेम, समानता, भाईचारे और मानवता की सेवा का संदेश दिया। उन्होंने संगत को 'नाम जपो, किरत करो और वंड छको' के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। जतिंदर पाल सिंह ने भी गुरु नानक देव जी के जीवन एवं उनके महान उपदेशों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी समाज को आपसी प्रेम, एकता, समानता और निःस्वार्थ सेवा की राह दिखाती हैं। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।



कार्यक्रम के समापन पर गुरु प्रसाद की सेवा की गई, जिसे संगत ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। इस अवसर पर जतिंदर पाल सिंह, लाभ सिंह, परमजीत सिंह, परविंदर सिंह, गुरमीत सिंह, नरिंदर सिंह, जसवीर सिंह, पपिंदर सिंह, सतपाल सिंह, सरन पाल सिंह सन्नी, वरिंदर सिंह, सुरिदर सिंह, हरमंगल सिंह, मंजीत सिंह, ग्रेटी, किंग, बंटी, तरन, कंवलजीत सिंह, अनमोल सिंह, चरणजीत सिंह, हरजीत कौर, गुरप्रीत कौर, ईशर कौर, हरविंदर कौर, कुलवीर सिंह, रंजीत कौर, गुरचरण कौर, मंजीत कौर, खुशी, प्रभजस, गगनवीर सिंह और जसकीरत सिंह सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।

संस्कारवान संतान ही परिवार की सबसे बड़ी विरासत : पं. श्याम मनावत

पांच दिवसीय समर्थ शिशु श्रीराम कथा शुरू, आदर्श दांपत्य और पारिवारिक संस्कारों पर दिया संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। विद्या भारती द्वारा मार्गदर्शित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, वीआईपी रोड में मंगलवार को पांच दिवसीय समर्थ शिशु श्रीराम कथा का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कथा व्यास परम पूज्य पंडित श्याम जी मनावत ने प्रथम दिन आदर्श दांपत्य जीवन, पारिवारिक संस्कार और श्रेष्ठ संतान के महत्व पर प्रकाश डाला।

कथा व्यास ने कहा कि पति–पत्नी के बीच श्रद्धा, विश्वास और समर्पण का भाव हो तो गृहस्थ जीवन आदर्श बन जाता है। उन्होंने कहा कि आदर्श गृहस्थ जीवन से ब्रह्मा



को भी पुत्र बनाया जा सकता है। महाराज मनु, महाराज दशरथ एवं माता कौशल्या, वासुदेव–देवकी तथा महर्षि कश्यप और माता अदिति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इन दंपतियों ने अपने तप, संस्कार और समर्पण से परमात्मा को पुत्र रूप में प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि संसार में कोई बड़े–बड़े भवन बनाकर जाता है तो कोई दुकानें और विज्ञान के उन्नत साधन देकर जाता है, लेकिन महाराज दशरथ और माता कौशल्या धन्य हैं, जो संसार को भगवान श्रीराम देकर गए। उन्होंने कहा कि जो माता–पिता अपनी संतान को संस्कारवान, चरित्रवान और महामानव बनाने का प्रयास करते हैं, उनका योगदान समाज में सदैव स्मरणीय रहता है। पं. मनावत ने कहा कि आदर्श दांपत्य जीवन की नींव पत्नी की पति के प्रति श्रद्धा और पति के मन में पत्नी के प्रति पूर्ण विश्वास से मजबूत होती है। श्रद्धा और विश्वास का भाव ही गृहस्थ जीवन को सार्थक बनाता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुनीश ने श्रीराम कथा के माध्यम से समाज कल्याण और संस्कारवान जीवन का संदेश दिया। अतिथियों का परिचय एवं सम्मान विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह ने कराया। इस मौके पर मुनीश, अयोध्या प्रसाद, राकेश, शिवशंकर, रजनीश, रमाशंकर गुप्ता, वर्षा जी, बलराम, अनूप अग्रवाल, ज्ञानेन्द्र सिंह, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। आमजन की समस्याओं के समाधान और पुलिस से संबंधित शिकायतों के निस्तारण को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के अलग–अलग क्षेत्रों से अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को उन्होंने एक–एक कर सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों ने विभिन्न प्रकार की समस्याएं पुलिस अधीक्षक के सामने रखीं। एसपी ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण की निष्पक्षता से जांच कराई जाए और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की प्रकृति के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने और पीड़ितों को उनकी समस्या के समाधान के संबंध में उचित जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर जोर दिया। पुलिस विभाग की जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को अपनी समस्याएं सीधे उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर देना और पुलिस व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास मजबूत करना है। एसपी ने प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

टीपीएल-5 का खिताब जीत कड़ा सुपरकिंग्स ने रचा इतिहास, चौथी बार फाइनल में पहुंचकर दूसरी बार बनी चैंपियन

रोमांचक मुकाबले में रायल चैलेंजर्स मंझनपुर को नौ रन से दी शिकस्त, अभिषेक सिंह बने प्लेयर आफ द मैच, मिथुन सिंह को मिला मैन आफ द सीरीज का खिताब

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। पांच सीजन, चार बार फाइनल में जगह और दूसरी बार खिताब पर कब्जा। टीचर्स प्रीमियर लीग (टीपीएल) में कड़ा सुपरकिंग्स ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित कर दी। जिला स्टेडियम टेवा में मंगलवार को खेले गए सीजन–5 के खिताबी मुकाबले में कड़ा सुपरकिंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रायल चौलेंजर्स मंझनपुर को नौ रन से शिकस्त देकर चौंपियन ट्राफी अपने नाम कर ली। पहले सीजन में भी खिताब जीतने वाली कड़ा की टीम ने पांचवें सीजन में दोबारा चौंपियन बनकर अपनी उपलब्धि में एक और अध्याय जोड़ दिया। रोमांचक फाइनल में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में टीम के खिलाड़ियों ने दम दिखाया।

टास जीतकर रायल चौलेंजर्स मंझनपुर ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कड़ा सुपरकिंग्स की शुरुआत अच्छी रही। अभिषेक सिंह ने 29 गेंदों पर 38 रन और प्रियांशु ओझा ने 40 रन की उपयोगी पारी खेली। इसके बाद मिथुन सिंह ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 24 गेंदों पर नाबाद 45 रन ठोक दिए। उनकी पारी में चार चौके और तीन छक्के शामिल रहे। वेद प्रकाश चौधरी ने 10, शशांक शेखर शुक्ला ने आठ रन बनाए, जबकि महेंद्र कुमार ने नाबाद रहते हुए टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। इस तरह कड़ा सुपरकिंग्स ने निर्धारित 16 ओवर में चार विकेट खोकर 159 रन बनाए और मंझनपुर को जीत के लिए 160 रन का लक्ष्य दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायल चौलेंजर्स मंझनपुर की टीम ने भी मुकाबले में पूरी ताकत झोंक दी। सर्वेश कुमार ने 26, अनूप वर्मा ने 27 गेंदों पर 43 रन, राजेश कुमार ने 23 और रोहित सिंह ने 21 गेंदों पर 39 रन बनाकर मैच को रोमांचक बना दिया। अनुज वर्मा ने एक रन का योगदान दिया। अंतिम ओवरों तक मुकाबले में उतार–चढ़ाव बना रहा, लेकिन कड़ा के गेंदबाजों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। मंझनपुर की टीम निर्धारित 16 ओवर में सात विकेट पर 150 रन ही बना सकी। इस तरह कड़ा सुपरकिंग्स ने नौ रन से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमा लिया।



कड़ा की ओर से अभिषेक सिंह ने एक ओवर में महज दो रन देकर दो विकेट हासिल किए, जबकि सनत त्रिपाठी ने भी दो विकेट चटकाए। शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए अभिषेक सिंह को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मिथुन सिंह को मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

टीपीएल 5 की पूरी प्रतियोगिता में दिव्य रतन को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, मनोज वर्मा को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और वेद प्रकाश को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया गया।

कड़ा सुपरकिंग्स के कप्तान उमेश प्रकाश के नेतृत्व में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में एकजुटता और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। वहीं रायल चौलेंजर्स मंझनपुर की कप्तानी अनुज वर्मा ने की। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। खिताबी जीत के साथ ही कड़ा के खिलाड़ियों में जश्न का माहौल रहा।

इस दौरान विकासखंड कड़ा अध्यक्ष अफरोज आलम, मंत्री जैनेंद्र कुमार, अनुराग यादव, विकासखंड कौशांबी अध्यक्ष अरुण गोविल, जिला मंत्री रामबाबू दिवाकर, मारुति नंदन त्रिपाठी, केशव प्रसाद, कृष्णा, पंकज सिंह, जेलेंश, सोनी केसरवानी, हंस कुमार रत्नाकर सहित शिक्षक जगत के अन्य लोग और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय दर्शक मौजूद रहे।

स्वतंत्रता सेनानी की विरासत को संजोने में जुटे पौत्र सनत कुमार सिंह, दादा के बलिदान को किया याद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रणजीत सिंह 'बाबा जी' की 40वीं पुण्यतिथि पर सूरजपति कन्या इंटर कॉलेज, कोरौती में श्रद्धांजलि एवं स्मृति समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके पौत्र सनत कुमार सिंह ने अपने दादा के त्याग, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम को याद करते हुए उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ पहलवान रहे। विशिष्ट अतिथि शिव शंकर सिंह, सुनील सिंह और भाजपा जिला मंत्री विजय यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने बाबा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संचालन प्रवक्ता करमचंद ने किया। वक्ताओं ने बताया कि बाबा जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और पांच बार जेल यात्रा करते हुए 3 वर्ष 9 माह कारावास में बिताए। समारोह में छात्राओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। अंत में उपस्थित लोगों ने उनके संघर्ष, साहस और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

भदोही में पुलिस ने महिलाओं-बालिकाओं को अधिकारों की जानकारी दी

मिशन शक्ति अभियान के तहत सुरक्षा उपाय, सरकारी योजनाएं और हेल्पलाइन नंबर बताए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही जिले में मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान जिले के बाजारों, स्कूल-कॉलेजों के पास और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की निगरानी में सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने अभियान चलाया। टीमों ने कोचिंग और लाइब्रेरी के आसपास भी लोगों से संवाद किया। पुलिस ने छेड़छाड़, फब्तियां कसने, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए। बालिकाओं से कहा गया कि वे बिना डर या झिझक अपनी बात पुलिस से साझा कर सकती हैं। अभियान में उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तीकरण योजनाओं, पॉक्सो एक्ट, महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। पुलिस ने आपात स्थिति में मदद के लिए 1090 महिला पावर लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के इस्तेमाल के तरीके बताए। जागरूकता पर्चे भी बांटे गए। भदोही पुलिस ने कहा कि वह महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, गरिमा और स्वावलंबन के लिए लगातार काम कर रही है।

टूटी रेलिंग से पुलिया पर बना रहता है हादसे का डर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंगराबादशाहपुर।। मुंगराबादशाहपुर के गांव नीभापुर बाजार से सरायममरेज को जाने वाले सड़क मार्ग पर कबीरपुर में शारदा सहायक खंड-39 नहर पर बनी पुलिया की रेलिंग बड़े वाहनों के आवागमन से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। रेलिंग टूटने से पुलिया पर आवागमन करने वालों को हमेशा हादसे का भय बना रहता है।ग्रामीणों के अनुसार पुलिया से रोजाना सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन, बाइक, साइकिल सवार और पैदल राहगीर गुजरते हैं। रेलिंग टूटी होने से जरा सी असावधानी पर वाहन या व्यक्ति सीधे नहर में गिर सकता है। रात के समय अंधेरा होने पर खतरा और भी बढ़ जाता है, क्योंकि पुलिया पर पर्याप्त रोशनी की भी व्यवस्था नहीं है।लोगों का कहना है कि कई बार बड़े वाहन गुजरने के दौरान रेलिंग से टकरा जाते हैं, जिससे रेलिंग और भी क्षतिग्रस्त होती जा रही है। इसके बावजूद अभी तक मरम्मत नहीं कराई गई। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द पुलिया की रेलिंग की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

जमीन विवाद में इक्कीस के खिलाफ केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जमीन के विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने ग्यारह नामजद व दस अज्ञात समेत इक्कीस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे चौहान जरियारी गांव निवासी देवराज यादव पुत्र स्व. रामकिशुन यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बाइस नवंबर को दोपहर करीब बारह बजे उसका भांजा अर्जुन यादव पुत्र हरिश्चंद्र यादव अपने खेत में जुताई बुआई का काम कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के फतेह मोहम्मद तथा उसका भाई मो0 असलम व मीर आलम पुत्र नसीर, लाल मोहम्मद पुत्र नथई, मुफीस पुत्र लाल मोहम्मद, यार मोहम्मद पुत्र अलिमरंजा, अनीस पुत्र फतेह मोहम्मद, राहुल सरोज पुत्र बैजनाथ, राकेश सरोज पुत्र रामप्यारे, राज ललन सिंह पुत्र रामसुंदर सिंह, गुलाम वारिस खां पुत्र राज बहादुर तथा आठ दस अज्ञात एकराय होकर पहुंचे। आरोपियों ने अर्जुन यादव को जमकर मारापीटा। गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गया। शोर सुनकर बीचबचाव में पहुंचे परिवार के मनोज यादव पुत्र रामसजीवन को भी आरोपियों ने मारापीटा।

उत्तर मध्य रेलवे

E-Tender Notice No.:- CM-1/Magh Mela/Sanitation/PRYJ/2026 दिनांक : 21.11.2026

ई-निविदा के लिये सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है,जिसका विवरण निम्नलिखित है :-

ई-टेंडर निविदा सूचना संख्याः GEM/2026/B/8303150 Dated 21.11.2026, कार्य का नामः संगम एरिया/मेला क्षेत्र & नैनी रेलवे स्टेशन पर बने स्थाई/अस्थाई इन्क्लोजर तथा प्रयागराज, सुबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, मानिकपुर रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के ठहरने हेतु स्थाई/अस्थायी आवासों एवं नैनी रेलवे स्टेशन की साफ-सफाई कराने के लिए निविदा।	
कार्य का अनुमानित लागत (जी.एस.टी. सहित)ः ₹ 59,84,841.77/-	धरोहर राशिः ₹ 1,19,700/-
निविदा सिस्टमः दो पैकेट सिस्टम	ठेके की अवधिः माघ मेला-27 के दौरान (55 दिन)
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 14.12.2026 at 15:00 Hrs.	
निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 15.12.2026 at 15:00 Hrs.	

नोटः (1) उपरोक्त ई निविदा का पूरा विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) Gem वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि से वेबसाइट www.gem.gov.in पर टेंडर खुलने की तिथि तक उपलब्ध है। (2) उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु बेंडरो को चाहिए कि वे अपने आपको Gem की वेबसाइट पर पंजीकृत कराये। (3) संलग्न किये जाने वाले सभी दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। (4) ई निविदा फार्म सभी निविदाकारों को निशुल्क जारी किये जायेगें। (5) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए Gem की वेबसाइट की हेल्पलाइन से संपर्क किया जा सकता है। 2648/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

दीपों की रोशनी में स्वर्णिम हुई काशी, गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। देव दीपावली के पावन अवसर पर मंगलवार की शाम काशी के गंगा घाटों पर अद्भुत दीपोत्सव का नजारा देखने को मिला। नमो घाट से रविदास घाट तक हजारों दीपों की जगमगाहट ने गंगा तट को अलौकिक आभा से भर दिया। शाम होते ही घाटों की सीढ़ियों पर दीप प्रज्वलित होने लगे और पूरी काशी रोशनी से नहा उठी। दशाश्वमेध, अस्सी, सिंधिया, प्रहलाद, गाय, राम और ब्रह्मा घाट सहित प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। गंगा की लहरों पर तैरते दीपों की रोशनी ने मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं ने मां गंगा का पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। विभिन्न घाटों पर आरती और धार्मिक आयोजन भी हुए।

काशी की इस अद्भुत छटा को निहारने के लिए स्थानीय लोगों के साथ देश-विदेश से आए पर्यटक भी पहुंचे। पूरा गंगा तट दीपों की रोशनी, भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया।

शीत ऋतु में स्वच्छता कर्मियों को नपाध्यक्ष ने गर्म जैकेट वितरित कर बढ़ाया सम्मान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने स्वच्छता कर्मियों के प्रति संवेदनशीलता और उनके कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रदर्शित किया। मंगलवार को सिटी क्लब में आयोजित कार्यक्रम में शुक्लाहा, महुरिया, रमईपट्टी, तरकापुर, गुरुहुपट्टी एवं पक्का पोखरा वार्ड के समस्त स्वच्छता कर्मियों को शीत ऋतु में ठंड से बचाव हेतु गर्म जैकेट वितरित कर उनका सम्मान बढ़ाया। इस अवसर पर श्याम सुंदर केशरी ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में स्वच्छता कर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। ये कर्मयोगी विपरीत मौसम और कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान देते हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान का ध्यान रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।



उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद केवल नगर के विकास और सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि नगर की सेवा में दिन-रात जुटे प्रत्येक कर्मचारी का कल्याण भी हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। स्वच्छता कर्मियों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया यह प्रयास उनके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का प्रतीक है। श्याम सुंदर केशरी की इस पहल की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों ने कहा कि वास्तविक जनसेवा वही है, जिसमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति और दिन-रात मेहनत करने वाले कर्मियों की जरूरतों का भी ध्यान रखा जाए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉली अग्रहरि, नगर पालिका अधिकारी सहित नगर पालिका के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

एक स्वर, एक संविधान कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 26 नवम्बर 2026 को संविधान दिवस के अवसर पर प्रातः 09रू00 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मिर्जापुर द्वारा श्संविधान संवाद अभियान के अंतर्गत श्एक स्वर, एक संविधानश कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सरला सर्राफ पब्लिक स्कूल, मिर्जापुर में किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 5000 से अधिक छात्र-छात्राओं के सम्मिलित होने की संभावना है। इस अवसर पर विद्यार्थी वृहद स्तर पर एक साथ एक स्वर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संविधान के प्रति सम्मान, संवैधानिक मूल्यों, मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुता की भावना को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं नोडल शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। विद्यार्थियों की सहभागिता, कतारबद्ध की व्यवस्था, निर्धारित समूहों का गठन, अनुशासन तथा सामूहिक प्रस्तावना वाचन के सुचारु संचालन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

जनपद न्यायाधीश ध जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनुपम कुमार के मार्गदर्शन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार ।। के निर्देशन में आयोजित यह कार्यक्रम जनपद में संवैधानिक साक्षरता को बढ़ावा देने तथा युवा पीढी को संविधान की मूल भावना से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया जाएगा कि संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है तथा प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शक भी है।

साईं आंचल मंदिर में लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, रक्तवीरों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। जिला अस्पताल में रक्त की कमी को देखते हुए मरीजों की सहायतार्थ श्श्री साईं परिवार सेवा संगठनश ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है, श्री सत्य साईं बाबा की जयंती के अवसर पर संस्था द्वारा स्थानीय साईं आंचल मंदिर में एक वृहद हैस्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान डॉ. विनोद कन्नौजिया ने उपस्थित सभी रक्तदाताओं का सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया। पूरी सुरक्षा और मानकों का पालन करते हुए कुल 10 लोगों ने रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण कराया, जिनमें से 4 लोगों ने सफलतापूर्वक अपना रक्तदान कर महादान के संकल्प को पूरा किया।

रक्तवीरों का बढ़ाया गया उत्साह, वंदना राय का रहा विशेष योगदानरू

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष शुभम गुप्ता और अमित गुप्ता ने सभी रक्तवीर योद्धाओं के जज्बे को सलाम करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। सफल रक्तदान के पश्चात ब्लड



बैंक के जनसंपर्क अधिकारी (च्ट्) श्री राम कुमार गुप्ता और संस्था के अध्यक्ष श्री शुभम गुप्ता द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पुनीत आयोजन को व्यवस्थित और सफल बनाने में साईं आंचल मंदिर की संस्थापक अध्यक्ष राजकुमारी नागपाल,वंदना राय ,शुभम् गुप्ता का विशेष व महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इन रक्तदाताओं ने किया जीवनदानरू

रक्तदान कर दूसरों को जीवनदान देने वालों में मुख्य रूप से शिवानी साहू, गौरांग खंडेलवाल, सौरभ मिश्रा,आकाश चौरसिया ने सफल रक्तदान किया , कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य अमित गुप्ता,रवि अग्रवाल, अर्चित साध मनोज माली, किशन चौरसिया,शालिनी पाण्डेय, सिम्पल साध सतीश, सहित अन्य लोग शामिल रहे।

श्री साईं परिवार सेवा संगठन ने उन सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवकों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस पुण्य कार्य में अपना अमूल्य समय व रक्त देकर भागीदारी निभाई। संस्था ने यह संकल्प दोहराया कि भविष्य में भी मानवता की सेवा के लिए ऐसे सामाजिक कार्यों का निरंतर आयोजन किया जाता रहेगा।

सपा कार्यालय पर मनाई गई अखिलेश व डिम्पल की 27वीं वैवाहिक वर्षगांठ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा माननीय सांसद डिंपल यादव जी को 27वीं वैवाहिक वर्षगांठ समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर केक काटा गया मिठाईया खिलाकर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।



इस मौके पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि मॉ विन्ध्यवासिनी से प्रार्थना करते हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी एवं मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव जी का दांपत्य जीवन सदैव सुखमय, मंगलमय एवं खुशियों से परिपूर्ण रहे तथा आप दोनों दीर्घायु हों और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें। और कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता गॉव-गॉव जाकर सरकार में किये गये कार्यो को जन-जन के बीच पहुॅचाने का काम करें। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के नगर के जोन, सेक्टर प्रभारियों की बैठक में जिलाध्यक्ष ने पीडीए स्वाभिमान एप को सक्रिय करे और प्रत्येक बूथ पर 400 लोगो को जोड़ने का काम करें।

इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह पटेल, राजेश भारती, सुरेश सिंह पटेल, संतोष गोयल, अभय यादव, रत्नेश श्रीवास्तव, आकाश यादव, ओमप्रकाश सोनकर, परवीन बानो, मेवालाल प्रजापति, राममिलन यादव, अनुराग तिवारी, रवि सोनकर, अरशद अली, जहांआरा, सलीम बादशाह आदि मौजूद रहें।

जमीन विवाद में हुई मारपीट, चार पर केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जमीन के विवाद में हुई मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नया पुरवा नरायनपुर गांव की देवकली पत्नी राजाराम पटेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेईस नंवबर को सुबह करीब साढ़े आठ बजे उसकी जमीन पर विपक्षी राजेश व शिवराज पुत्रगण सत्य नारायण तथा मौसमी पत्नी शिवराज व विमलेशा पत्नी राजेश एकराय होकर कब्जा करने की नीयत से बांस बल्ली लगा रहे थे। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने गाली देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ईरिक्शा चोरी का केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। ई-रिक्शा चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के हुलासराय का पुरवा निवासी जियालाल पुत्र रामगरीब का आरोप है कि बीती अठारह नंवबर को रात करीब ग्यारह बजे लालगंज कस्बे से उसका ईरिक्शा चोरी हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नही चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

महिला की पिटाई को लेकर चार पर दर्ज हुआ मुकदमा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। धमकी व गालीगलौज की घटना को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बड़ी पिपरी गांव की कमला देवी पत्नी रामकरन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के जयराम सरोज व उसके पुत्रगण अमन, राज एवं राजा जबरन उसकी बाउण्ड्री के रास्ते से आते जाते हैं। मना करने पर आरोपीगण गाली व धमकी देते हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि बीती इक्कीस नवंबर की सुबह पांच बजे आरोपियों ने उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मारपीट के आरोप में चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मडूकी गांव की एक महिला का आरोप है कि विपक्षी उसकी बेटी व सास के साथ मारपीट कर धमकी दे रहे थे, पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मडूकी निवासी ऊषा देवी पत्नी ऊधोश्याम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीस नवंबर की शाम सात बजे के करीब वह शौच के लिए गई थी इस दौरान उसकी बेटी घर में अकेली थी , तभी विपक्षी गाली गलौच करते हुए घर में घुसकर बेटी के साथ मारपीट करने लगे बीच बचाव के दौरान सास के साथ भी मारपीट करने लगे, पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय थाना में शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़िता की शिकायत पर मंझनपुर पुलिस ने रामलखन , वीरेंद्र कुमार , आरती देवी व फूलमती के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा

मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव, यूपी में सीट–बंटवारे पर सपा के साथ समहति, कांग्रेस को इन 26 सीटों की पेशकश!

लखनऊ, संवाददाता। समाजवादी पार्टी (सपा) ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस को 26 सीटों की पेशकश की है। इंडिया गठबंधन के इन दोनों सहयोगियों के बीच सीट–बंटवारे पर बातचीत के दूसरे दौर से पहले सपा सांसद राजीव राय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बैठक से पहले बात करते हुए राय ने कहा कि दोनों पार्टियां इस बात पर चर्चा करेंगी कि कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने बताया कि सपा ने अपना प्रस्ताव कांग्रेस को पहले ही दे दिया है। राय ने कहा, हम सीटों की संख्या को लेकर चर्चा करेंगे। हमने उन्हें 26 सीटों की पेशकश की है। सपा के राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव ने भी पुष्टि की कि पार्टी ने सोमवार की बैठक में अपना प्रस्ताव रख दिया था और मंगलवार को भी बातचीत जारी रहेगी। यादव ने कहा, बैठक में जो कुछ भी कहना था, वह हमने कल ही कह दिया था। हमने उन्हें 26 सीटों की पेशकश की है, और आज हम फिर से बातचीत करने जा रहे हैं। एक सवाल यह है कि कांग्रेस को किन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस पर सूत्रों के हवाले से आजतक की रिपोर्ट में कहा गया है कि सपा ने सीटों के चयन में 2022 के विधानसभा चुनाव के नतीजों को आधार बनाया है। इसके तहत 2022 में कांग्रेस जिन सीटों पर जीत दर्ज करने में सफल रही थी, उन्हें कांग्रेस के कोटे में रखा गया है. इसके अलावा, पिछले चुनाव में कांग्रेस जिन सीटों पर दूसरे नंबर पर रही थी, वे सीटें भी सपा ने कांग्रेस को देने का मन बनाया है। इन सीटों के अतिरिक्त 20 अन्य विधानसभा सीटें भी सपा की ओर से कांग्रेस को ऑफर करेगी। कांग्रेस को जो सीटें ऑफर की गई हैं उनमें रामपुर खास, फरेंदा, मथुरा, खेरागढ़, जगदीशपुर, किदवई नगर, बागपत, मोदीनगर, हापुड़, जेवर, स्याना, खुर्जा, खैर, इगलास, मांट, आगरा उत्तर, फतेहपुर सीकरी, बिलग्राम–मल्लावां, गोविंद नगर, नानपारा, गोरखपुर शहर, खजनी, पडरौना, फाजिलनगर, पिंडरा, वाराणसी कैंट शामिल हैं। इंडिया गठबंधन के इन दोनों सहयोगियों ने सोमवार को नई



दिल्ली में औपचारिक बातचीत का पहला दौर पूरा किया। दोनों पार्टियों के नेताओं ने भरोसा जताया कि गठबंधन को लेकर जल्द ही कोई अंतिम फैसला लिया जा सकता है। 403 सीटों वाली उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनावों की तैयारियां तेज हो रही हैं, ऐसे में दोनों पार्टियां मंगलवार को फिर से बैठक करेंगी और बातचीत को आगे बढ़ाएंगी। बातचीत का पहला दौर वरिष्ठ कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास पर हुआ। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में तिवारी, मिश्रा, गौतम और सांसद इमरान मसूद शामिल थे, जबकि समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव, लोकसभा सांसद इकरा हसन, राज्यसभा सांसद राजीव राय और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल मौजूद थे। हालांकि सोमवार की बैठक के बाद किसी भी पक्ष ने सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया कि सीट–बंटवारे को लेकर क्या आंकड़े चर्चा में रहे, लेकिन नेताओं ने बातचीत को सकारात्मक और सहयोगपूर्ण बताया। उनका मुख्य फोकस सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को हराने पर था। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब समाजवादी पार्टी ने 2027 के चुनावों के लिए इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट–बंटवारे पर बातचीत करने के लिए एक समिति बनाने की घोषणा की है। कांग्रेस ने भी कहा है कि वह उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने के इरादे से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है। पार्टी नेता आराधना मिश्रा ने पहले कहा था कि संगठन को मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता है और इंडिया गठबंधन राज्य में जीत हासिल करने के लिए काम करेगा। समाजवादी पार्टी (सपा) 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में लगातार हार के बाद 2027 में एक बड़ी राजनीतिक वापसी की कोशिश कर रही है। 2022 के चुनावों में जब दोनों पार्टियों ने अलग–अलग चुनाव लड़ा था, तब सपा ने अपनी 347 सीटों में से 111 पर जीत हासिल की थी, जबकि कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार उतारी गई 399 सीटों में से 2 पर जीत दर्ज की थी। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनावों में इन पार्टियों का प्रदर्शन बेहतर रहा, जिसमें उन्होंने श्इंडियाश गठबंधन के बैनर तले एक साथ चुनाव लड़ा था। सपा ने अपनी 62 सीटों में से 37 पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस ने अपनी 17 सीटों में से 6 पर जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश में 403 विधानसभा सीटें हैं, 2027 में बीजेपी और सपा के बीच एक बड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। वहीं, कांग्रेस भी राज्य में अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। बातचीत का दूसरा दौर चल रहा है। विधानसभा चुनावों से पहले, इंडिया गठबंधन के इन दोनों सहयोगियों के बीच सीटों के बंटवारे पर होने वाली चर्चा, उनके चुनावी तालमेल को तय करने में बहुत अहम होगी।

मैक्स हॉस्पिटलः लखनऊ के डोक्टरों ने रोबोटिक सर्जरी से 30–वर्षीय मरीज के पैंक्रियाज का दुर्लभ ट्यूमर निकाला

लखनऊ, संवाददाता। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के डॉक्टरों ने रोबोटिक सर्जरी की मदद से 30–वर्षीय मरीज के पैंक्रियाज में मौजूद दुर्लभ ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला। मरीज उत्तर प्रदेश के बलरामपुर के पास सराय खास का निवासी है।मरीज, मुश्ताक अली, पिछले करीब 4 महीनों से रुक–रुककर पेट में दर्द और भूख कम लगने की समस्या से परेशान थे। कई डॉक्टरों से सलाह लेने के बाद उन्होंने डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीकी, डायरेक्टर, हेपेटो–पैंक्रियाटो–बिलियरी और लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ से संपर्क किया। जांच और जरूरी मेडिकल टेस्ट के बाद पता चला कि उनके पैंक्रियाज के निचले हिस्से में करीब 3 × 3 सेंटीमीटर का ट्यूमर है, जिसका आकार टेनिस बॉल जैसा था।डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीकी, डायरेक्टर, हेपेटो–पैंक्रियाटो–बिलियरी और लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने रोबोटिक सर्जरी के जरिए पैंक्रियाज के प्रभावित हिस्से के साथ स्प्लीन (तिल्ली) को भी निकालने का फैसला किया। जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी हुई और ऑपरेशन के दौरान कोई बड़ी परेशानी नहीं आई। सर्जरी के बाद मरीज की हालत में लगातार सुधार हुआ। उन्होंने धीरे–धीरे खाना शुरू कर दिया और 7 दिन बाद उन्हें स्थिर हालत में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।इस मामले पर बात करते हुए डॉ. वलीउल्लाह सिद्दीकी, डायरेक्टर, हेपेटो–पैंक्रियाटो–बिलियरी और लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने कहा, ष्पैंक्रियाज की सर्जरी काफी चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि यह पेट के अंदर गहराई में स्थित होता है और इसके आसपास कई बड़ी खून की नसें और जरूरी अंग होते हैं। रोबोटिक तकनीक से सर्जन को ऑपरेशन के दौरान ज्यादा साफ दिखाई देता है और सर्जरी पर बेहतर नियंत्रण मिलता है। इसमें छोटे चीरे लगते हैं। इस मरीज के मामले में हम ट्यूमर को पूरी तरह निकालने में सफल रहे और सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी भी अच्छी रही।ष्उन्होंने आगे कहा, ष्यह मामला इसलिए भी खास है क्योंकि इस तरह का पैंक्रियाज ट्यूमर काफी दुर्लभ होता है और कम उम्र के पुरुषों में इसके मामले बहुत कम देखने को मिलते हैं। लंबे समय तक पेट में दर्द रहना और भूख कम लगना जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर जांच कराने से बीमारी का पता लगाने और सही इलाज शुरू करने में मदद मिलती है। हमारा प्रयास है कि मरीजों को बेहतर इलाज और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। यह सफल सर्जरी पैंक्रियाज से जुड़ी जटिल बीमारियों के इलाज में रोबोटिक तकनीक की बढ़ती भूमिका को दिखाती है। इस तकनीक की मदद से डॉक्टर छोटे चीरे लगाकर ज्यादा सटीकता के साथ सर्जरी कर सकते हैं। सही मरीजों में इससे रिकवरी में भी मदद मिल सकती है।

महाकौशल विश्वविद्यालय के शिक्षाविद् डॉ. पी.सी. गुप्ता,लखनऊ को भारतीय डिजाइन पेटेंट प्राप्त

लखनऊ, संवाददाता। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की निगरानी हेतु विकसित नामक डिजाइन का पंजीकरण किया गया है। यह उपलब्धि 10 शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं के संयुक्त प्रयास, रचनात्मक सोच और बहुविषयक अनुसंधान का परिणाम है। इस डिजाइन का पंजीकरण संख्या 518563–001, पंजीकरण दिनांक 21 सितंबर 2026 तथा श्रेणी क्सें 19–07 है। भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी प्रमाणपत्र दिनांक 12 नवंबर 2026 को प्रदान किया गया है।इस नवाचार में प्रथम आविष्कारक के रूप में डॉ. (प्रो.) डॉ. पी. सी. गुप्ता का नाम दर्ज है। वे लखनऊ के रहने वाले और महाकौशल विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्य प्रदेश में विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) एवं संकायाध्यक्ष (डीन) के रूप में शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। डॉ. गुप्ता अर्थशास्त्र में पीएच.डी., एम.ए. तथा मार्केटिंग एवं रिस्क मैनेजमेंट में एम.बी.ए. की शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। वे छह से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं तथा अनुसंधान, नवाचार, शैक्षणिक विकास, पेटेंट एवं बहुविषयक शोध गतिविधियों में सक्रिय योगदान देते रहे हैं।उनकी शैक्षणिक एवं अनुसंधान संबंधी उपलब्धियां विश्वविद्यालय स्तर पर नवाचार की संस्कृति को प्रोत्साहित करने और शोध को व्यावहारिक उपयोग से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

उप मुख्यमंत्री ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं,निदान का फरमान

जनता की समस्याओं का समाधान मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता– मौर्य

लखनऊ, संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ में जनता दर्शन के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने पेंशन, आवास, सड़क, नाली निर्माण, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, पैमाइश तथा विद्युत संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न विषयों पर शिकायतें एवं अनुरोध पत्र प्रस्तुत किए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मेरे पास अपनी समस्याएं और अपेक्षाएं लेकर आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान कराना मेरी प्रतिबद्धता है। जनता का विश्वास और स्नेह ही मुझे निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। प्रत्येक फरियादी की बात सुन अधिकारियों को



समस्याओं के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। केतला देवी पत्नी फूलचन्द्र निवासी शिवपुरी लखीमपुर खीरी ने विधवा पेंशन स्वीकृत कराए जाने का अनुरोध किया। उप मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शाहजहांपुर के तिलहर निवासी डाली देवी तथा जालौन के उरई क्षेत्र के ग्राम टिमरो निवासी पुष्पा देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। लखीमपुर खीरी के भगवन्त नगर निवासी सियाराम एवं पिंकी देवी ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग रखी। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पात्रता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। गाजीपुर के त्रिमुहनी निवासी अजीत कुमार पाण्डेय ने मंदिर का गेट एवं चबूतरा बनवाने तथा इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाने' का अनुरोध किया। कौशाम्बी के ग्राम भदवां निवासी दिलीप कुमार ने गांव में आरसीसी सड़क निर्माण कराए जाने की मांग रखी। जनता दर्शन में भूमि पर अवैध कब्जे से मुक्ति दिलाने, नाली निर्माण, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भूमि की पैमाइश कराने तथा विद्युत समस्याओं से संबंधित सैकड़ों शिकायतें भी प्राप्त हुईं। जिलाधिकारियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को लिखित एवं दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता पर लेते हुए उनका निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब या लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

परंपरा की रसोई से कुपोषण पर वार

परंपरा और विज्ञान को जोड़कर तैयार की पोषण किट

लखनऊ, संवाददाता। योगी सरकार प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को प्रभावी बनाने के लिए प्रयास कर रही है। देवीपाटन मंडल ने एक अनूठी पहल करते हुए कुपोषण से लड़ाई को स्थानीय परंपराओं और आधुनिक पोषण व्यवस्था से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया है। देवीपाटन मंडलायुक्त द्वारा श्परंपरा से पोषणश नाम से शुरू पहल के तहत पारंपरिक खानपान, आयु के अनुसार पोषाहार और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सामग्रियों को एक विशेष पोषण किट में शामिल किया गया है। अनूठी पहल करने वाला देवीपाटन प्रदेश का पहला मंडल बना है। पहल का उद्देश्य केवल कुपोषित बच्चों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उनकी नियमित निगरानी कर उन्हें स्वस्थ विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है।देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण जागरूकता और कुपोषण उन्मूलन पर जोर है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप देवीपाटन मंडल में पहल के तहत स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों, पारंपरिक खानपान और विभिन्न विभागों के समन्वय को एक साथ लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देवीपाटन मंडल के गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों में अभियान को लागू किया जा रहा है। इसके तहत 1 से 6 वर्ष तक के 10,842 पंजीकृत गंभीर तीव्र कुपोषित और मध्यम तीव्र कुपोषित बच्चों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल के लिए सीएसआर फंड से करीब 55 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। अभियान के तहत प्रत्येक पोषण किट पर 500 रुपये का सीएसआर सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। श्परंपरा से पोषणश पहल की सबसे खास बात यह है कि इसमें भारतीय पारंपरिक रसोई के ज्ञान को आधुनिक पोषण जरूरतों के साथ जोड़ा गया है। अभियान की मूल भावना श्अन्नं ब्रह्मश पर आधारित है। इसके तहत पोषण किट में लोहे की कढ़ाई, सत्तू और गुड़ जैसी पारंपरिक खाद्य सामग्रियों को शामिल किया गया है। लोहे की कढ़ाई में भोजन पकाने से खाने में आयरन की मात्रा बढ़ाने में मदद मिलती है। ऐसे में पारंपरिक रसोई के इस ज्ञान को एनीमिया और पोषण संबंधी समस्याओं से लड़ाई का हिस्सा बनाया गया है। पोषण किट को तीन प्रमुख भागों में तैयार किया गया है। पहले भाग में पारंपरिक खाद्य सामग्री के रूप में लोहे की कढ़ाई, एक किलोग्राम सत्तू और एक किलोग्राम गुड़ दिया जा रहा। दूसरे भाग में बाल विकास सेवा के माध्यम से आयु के अनुसार फोर्टिफाइड टेक होम राशन प्रीमिक्स उपलब्ध कराया जा रहा। वहीं तीसरे भाग में स्वास्थ्य विभाग की ओर से ओआरएस–जिंक, आयरन–फोलिक एसिड और विटामिन डी–3 की गोलियां शामिल की गई हैं। किट के तीनों भागों में पारंपरिक खानपान, पोषाहार और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया गया है। अभियान में बच्चों और महिलाओं की पोषण संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अलग–अलग आयु वर्ग के लिए पोषाहार निर्धारित किया गया है।

निपुण विद्यालय आकलन से परखी जाएगी शिक्षा की गुणवत्ता

लखनऊ, संवाददाता। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और बच्चों में बुनियादी भाषा एवं गणितीय दक्षताओं के विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में योगी सरकार में निपुण भारत मिशन के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निपुण विद्यालय आकलन 2026–27 की तैयारियों को व्यवस्थित रूप देने के लिए रोस्टर निर्माण, सत्यापन, प्रशिक्षण और आकलन की कार्ययोजना निर्धारित की गई है। इसका उद्देश्य विद्यालयों में बच्चों की सीखने की उपलब्धियों का आकलन करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और इससे जुड़े अधिकारियों, प्रशिक्षकों तथा जिला स्तरीय टीमों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप तैयार करना है।महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार आकलन दो चरणों में कराया जाएगा। पहला चरण 21 से 30 दिसंबर 2026 और दूसरा चरण 20 से 30 जनवरी 2027 के बीच निर्धारित है। निपुण विद्यालय आकलन की तैयारियों में रोस्टर निर्माण, सत्यापन, प्रशिक्षण और निपुण लक्ष्य ऐप पर व्यावहारिक अभ्यास को शामिल किया गया है। इससे आकलन से जुड़े कार्मिकों को निर्धारित प्रक्रिया की जानकारी देने और जिलों में एकरूपता के साथ कार्यवाही आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

संक्षिप्त

सेवा, भक्ति और मानवता के संदेश के साथ मना भगवान श्री सत्य साई बाबा का 100वां जन्मोत्सव

लखनऊ, संवाददाता। श्री सत्य साई सेवा संगठन, लखनऊ की ओर से भगवान श्री सत्य साई बाबा का 100वां जन्मोत्सव आशियाना स्थित शहनाई लॉन में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आध्यात्मिक आयोजनों के साथ सेवा, शिक्षा और महिला सशक्तीकरण से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से बाबा के प्रेम, सेवा और मानवता के आदर्शों को साकार किया गया।जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह से ही संगठन की विभिन्न समितियों में ओंकारम्, सुप्रभातम्, नगर संकीर्तन, ध्यान, हवन एवं भजन–कीर्तन सहित विविध आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साई भक्तों ने अपने घरों पर भी परिवारजनों और मित्रों के साथ केक काटकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं।मुख्य समारोह शाम 4रू30 बजे से रात 8 बजे तक शहनाई लॉन में आयोजित हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, भगवान के नाम संकीर्तन और भक्तिमय भजनों से वातावरण आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा। कार्यक्रम में चंदन, ऋषि, नीरज, मुक्ता एवं आरती ने एकल भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं।समारोह का विशेष आकर्षण सेवा गतिविधियां रहीं। जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गईं, जिससे वे स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं, संगठन की बाल विकास कक्षाओं के प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'श्री सत्य साई स्कॉलरशिप' प्रदान की गई। बाल विकास के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. रुचि ने भगवान श्री सत्य साई बाबा के जीवन दर्शन, विचारों और मानवता के लिए दिए गए संदेशों पर प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कपूर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संगठन की विभिन्न सेवा एवं आध्यात्मिक गतिविधियों का विवरण दिया। इसके बाद श्वेता अरोरा के निर्देशन में समूह भजनों की आकर्षक प्रस्तुति हुई।कार्यक्रम का समापन बाबा के जन्मदिन गीत, केक कटिंग, मंगल आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन ने भगवान श्री सत्य साई बाबा के प्रेम, सेवा, त्याग और मानव कल्याण के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का भावपूर्ण माध्यम प्रस्तुत किया।

गुरु नानक देव की शिक्षाएं मानवता, सेवा, समानता और सामाजिक सद्भाव की शाश्वत प्रेरणा–केशव

लखनऊ, संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पावन पर्व देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा एवं सिख धर्म के प्रकाश पर्व पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।श्री मौर्य ने कहा कि देव दीपावली भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक आस्था और सनातन परंपरा का अनुपम पर्व है एवं कार्तिक पूर्णिमा का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर, निराशा से आशा की ओर तथा नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। दीपों का प्रकाश समाज में प्रेम, सद्भाव, एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित करता है। उन्होंने भगवान श्रीहरि विष्णु एवं देवाधिदेव महादेव से प्रार्थना की कि इन पावन पर्वों की दिव्य ज्योति सभी के जीवन को सुख, शांति, समृद्धि, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा से आलोकित करे।उप मुख्यमंत्री ने सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं महान संत गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर भी समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। गुरु नानक देव का जीवन और शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगी। उनका संदेश श्एक ओंकारश, मानव सेवा, समानता, प्रेम, करुणा, सत्य और परोपकार का मार्ग दिखाता है। उन्होंने समाज को जाति, धर्म और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करने तथा सभी के प्रति समान भाव रखने की प्रेरणा दी।

स्कॉर्पियो पर 'जाति' लिखना पड़ा महंगा, कटा चालान,बागपत के डीएम का कड़ा एक्शन

लखनऊ, संवाददाता। वाहन पर जाति सूचक शब्द लिखेंगे तो एक्शन हो सकता है। जाति लिख कर दबंगई करेंगे,रुतबा गालिब करेंगे तो नपेंगे। भारी जुर्माना भरना पड़ सकता है, गाड़ी का चालान हो सकता है। यह बात बागपत में सच साबित हुई। भाजपा का झंडा लगी स्कॉर्पियो पर जाति सूचक शब्द लिखवाना वाहन मालिक को महंगा पड़ गया। बागपत कलेक्ट्रेट परिसर में विगत दिवस पहुंची स्कॉर्पियो पर बड़े अक्षरों में जाति लिखे शब्द पर डीएम दिव्यांशु पटेल की नजर पड़ गई। उन्होंने तत्काल एआरटीओ को बुलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर एआरटीओ ने गाड़ी सीज कर दी। बाद में वाहन मालिक के चालान के मुताबिक जुर्माना भरने पर और भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी के बाद गाड़ी छोड़ी गई। एआरटीओ विपिन कुमार के अनुसार वाहनों पर जातिसूचक शब्द, धर्म, पद अथवा अन्य अनधिकृत संदेश लिखवाना यातायात नियमों के विरुद्ध है। वाहनों के शीशे, बंपर और बॉडी पर इस तरह की लिखावट या आनधिकृत स्टीकर लगाना नियमों का उल्लंघन है। वाहन चालकों को निर्धारित नियमों का पालन करना चाहिए।

कोहरे में यमुना एक्सप्रेसवे पर घटेगी रफ्तार, 75 किमी प्रति घंटा होगी अधिकतम गति सीमा

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रयासों के तहत सर्दियों में कोहरे और धुंध से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। आगामी 25 नवंबर 2026 से 15 फरवरी 2027 तक एक्सप्रेसवे पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा से घटाकर 75 किलोमीटर प्रति घंटा करने के निर्देश दिए गए हैं। सर्दियों में घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है। प्राधिकरण ने यमुना एक्सप्रेसवे के कंसेशनायर जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड को गति सीमा में कमी के साथ सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित करने को कहा है। इसका उद्देश्य कम दृश्यता की स्थिति में वाहन चालकों को सतर्क करना और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को कम करना है। जगह–जगह सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे और समाचार पत्रों के माध्यम से भी वाहन चालकों को जानकारी दी जाएगी।

सौ काशी न एक बांसी : ग्रंथों की मान्यता और लोक आस्था के संगम पर सजा कार्तिक पूर्णिमा मेला







प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। लोक आस्था और परंपरा के प्रतीक बांसी धाम की पहचान एक प्रसिद्ध कहावत से है – 'सौ काशी न एक बांसी'। ग्रंथों और लोक मान्यता के अनुसार कार्तिक मास की पूर्णिमा का विशेष महत्व है। कहा जाता है कि इस दिन गंगा सहित समस्त पवित्र नदियों में देवता भी सनन के लिए पधारते हैं और कार्तिक पूर्णिमा का सनन समस्त पापों का नाश कर पुण्य की प्राप्ति कराता है।

इसी मान्यता के चलते हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन बांसी नदी के रामघाट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। शास्त्रों में वर्णित है कि कार्तिक पूर्णिमा को भगवान विष्णु के मत्स्यावतार का प्राकट्य हुआ और इसी तिथि को भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध किया था, इसलिए इसे त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन दीपदान, सनन और दान का विशेष फल बताया गया है।

आज कुशीनगर व अन्य प्रान्त से आए लोगों ने बांसी नदी के रामघाट पर सनन कर आस्था की डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने नदी में दीप प्रवाहित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

वहीं, मेला परिसर में बड़े-बड़े झूले लगाए गए हैं और तरह-तरह की दुकानें भी सजी हैं। धीरे-धीरे पूरा मेला क्षेत्र उत्सव के रंग में रंगता नजर आ रहा है। मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग के लोग पहुंच रहे हैं।

मेला मंदिर के मुख्य पुजारी लक्ष्मण साहनी ने कहा कि मेले से दो दिन पहले बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त करा दी जाती है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाला यह मेला धार्मिक आयोजन के साथ ही क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और आपसी भाईचारे का प्रतीक भी है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों के निस्तारण को लेकर प्री–ट्रायल बैठक आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 12 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों का अधिकतम निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार, 24 नवंबर 2026 को एक प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री अखिलेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में संपनन् हुई इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शैलेन्द्र नाथ सहित परिवार न्यायालय के परामर्शदातागण एवं मध्यस्थगण उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री अखिलेश कुमार पाण्डेय ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक पारिवारिक मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने पर विशेष बल दिया। इस दौरान उन्होंने परामर्शदाताओं एवं मध्यस्थता केंद्र के मध्यस्थों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया तथा चिन्हित किए गए वादों में पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु उन्हें समय से नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शैलेन्द्र नाथ ने उपस्थित परामर्शदाताओं व मध्यस्थों से लोक अदालत को सफल बनाने की अपील करते हुए मध्यस्थता एवं सुलह-समझौता केंद्र में आने वाली पत्रावलियों में अधिकतम सुलह कराने को कहा।

इसके अतिरिक्त, प्रधान न्यायाधीश द्वारा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि पैरा लीगल वालंटियर के माध्यम से जिला मुख्यालय एवं विभिनन् तहसीलों के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों–जैसे न्यायालय परिसर, कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, हाट-बाजार, तहसील मुख्यालय और बैंक आदि–पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जनसामान्य को राष्ट्रीय लोक अदालत एवं उसमें नियत किए जा सकने वाले वादों की अधिकाधिक जानकारी देकर इसमें जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि आयोजन की भव्य सफलता प्राप्त हो सके।

मिशन शक्ति 6.0: महिला थाना की पहल से टूटता परिवार फिर जुड़ा, पति-पत्नी में हुआ सुलह समझौता

प्रातः काल एक्सप्रेस /ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन में 'मिशन शक्ति अभियान 6.0' के तहत मिशन शक्ति केन्द्र महिला थाना द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। थाना विशुनपुरा क्षेत्र के रहने वाले एक जोड़े के मध्य आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।प्रार्थना पत्र के आधार पर पति-पतनी को मिशन शक्ति केन्द्र, महिला थाना पर तलब किया गया था। परामर्श के दौरान पति-पतनी के बीच आपसी बातों को लेकर काफी दिनों से उत्पनन् मनमुटाव के कारणों पर विस्तृत चर्चा की गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा पति-पतनी को समझा-बुझाकर आपसी सहमति से सुलह कराया गया।सराहनीय कार्य करने वाली टीम में थानाध्यक्ष श्रीमती चन्दा यादव महिला थाना जनपद कुशीनगर व म0का0 ज्योति यादव महिला थाना जनपद कुशीनगर शामिल रहीं।

चोरी की घटना का किया गया सफल अनावरण, अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का समान बरामद

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। दिनांक 23.11.2026 को वादी बबलू कश्यप पुत्र हरिगोपाल कश्यप निवासी ग्राम पिपरिहा जमुनी थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर द्वारा तहरीर दी गई कि दिनांक 03.04/112026 की रात्रि मे प्रार्थी के गाँव के बाहर उत्तर दिशा में स्थित मरही माता मन्दिर मे लगी घंटियों को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है,



जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पचपेड़वा पर मु0अ0स0 161/2026 धारा 303(2)ँ ए पंजीकृत किया गया।थाना पचपेड़वा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 161/2026 धारा 303(2)ँ ए से संबंधित अभियुक्त रामप्रकाश भारती पुत्र यशवंत भारती निवासी ग्राम नौबस्ता थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को बेमिहा नौबस्ता के मध्य नहर पुलिया इण्टर लॉकिंग के मोड़ पर आम की बाग के पास से गिरफ्तार कर चोरी किये गये माल को बरामद कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

भारतभारी मेला में स्व-गणना केंद्र व सेल्फी पॉइंट स्थापित, एडीएम न्यायिक बोले– लोग जानकारी लेकर फैलाएँ जागरूकता

प्रातःकाल एक्सप्रेस



डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर)। जनगणना 2027 के दूसरे चरण के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 16 नवंबर से स्व-गणना का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में डुमरियागंज स्थित भारतभारी मेला के मंदिर परिसर में स्व-गणना केंद्र और स्व-गणना कैसे करें? थीम पर एक सेल्फी पॉइंट बनाया गया है। अपर जिला अधिकारी (न्यायिक) डॉ. ज्ञान प्रकाश ने बताया कि नागरिक इस केंद्र पर पहुँचकर जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना करने की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी ले सकते है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे स्वयं जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएँ। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह देश की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना है, जिसे पूरी तरह डिजिटल उपकरणों के माध्यम से संपनन् कराया जा रहा है। इसके पहले चरण में मकानों की सूची और आवास संबंधी विवरण जुटाया गया था, जबकि अब दूसरे चरण में जनसंख्या गणना हो रही है, जिसमें परिवार के प्रत्येक सदस्य का विवरण दर्ज किया जाएगा।डॉ. ज्ञान प्रकाश ने प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि स्व-गणना एक सुरक्षित और सरल वेब-आधारित सुविधा है, जो 16 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। इसके लिए नागरिकों को आधिकारिक वेबसाइट se.census.gov.in पर जाकर अपना राज्य चुनना और कैप्चा कोड भरना होगा। इसके पश्चात अपनी पसंदीदा भाषा का चयन कर घर के मुखिया के मोबाइल नंबर पर प्राप्त ध्ऊझ् दर्ज करना होगा। फिर डिजिटल नक्शे पर अपने घर की सही लोकेशन चिह्नित करते हुए परिवार के सभी सदस्यों का विवरण भरना होगा। फॉर्म जमा करने के बाद प्राप्त होने वाली 11 अंकों की स्व-गणना पहचान संख्या का स्क्रीनशॉट भविष्य के लिए सुरक्षित रखना अनिवार्य है।

अपर जिला अधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे 30 नवंबर 2026 की अंतिम तिथि से पहले अपनी स्व-गणना अवश्य पूर्ण कर लें। इसके बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर गणना करेंगे, जिस दौरान परिवार को अपनी SE ID दिखानी होगी। तत्पश्चात 5 से 9 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण का दौर चलेगा। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए नागरिक टोल-फ्री नंबर 1855 पर संपर्क कर सकते हैं, जबकि अधिक जानकारी आधिकारिक वेबसाइट censusindia. gov.in पर उपलब्ध है। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी विवेकानंद मिश्र, तहसीलदार अभिषेक कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रयागराज में 27 नवंबर को लगेगा रोजगार महोत्सव, 20 कंपनियां करेंगी 3000 पदों पर भर्ती

प्रातःकाल एक्सप्रेस।

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज एवं श्रीराम रामनाथ महाविद्यालय, धनावल, कोरांव के संयुक्त तत्वावधान में 27 नवंबर 2026 को एक दिवसीय रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस रोजगार महोत्सव में निजी क्षेत्र की 20 प्रतिष्ठित कंपनियां 3000 से अधिक पदों पर सीधी भर्ती करेंगी। चयनित अभ्यथिर्यों को 13,500 से 30,000 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा।

रोजगार मेले में जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, सनतक, बीबीए, बीसीए, बीई, आईटीआई, डिप्लोमा, पॉलिटेकिन्क, बीटेक एवं एमबीए सहित विभिनन् शैक्षिक योग्यताधारी 18 से 40 वर्ष आयु के बेरोजगार अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे।

इच्छुक अभ्यथिर्यों को रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीयन कराना होगा। अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों एवं अंकपत्रों तथा जाति प्रमाणपत्र की छायाप्रति के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हों। रिक्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। सहायक निदेशक सेवायोजन, प्रयागराज ने बताया कि रोजगार महोत्सव में प्रतिभाग करने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

चंद्रपुरा वार्ड में नाली निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, घटिया सामग्री लगाने का आरोप

सीमेंट की कम मात्रा, मिट्टी मिली बालू और कमजोर सरिया इस्तेमाल किए जाने की चर्चा; खुली खुदाई से हादसे की आशंका

झांसी। नगर पंचायत बड़ागांव के चंद्रपुरा वार्ड में सर्विस रोड से कराया जा रहा नाली निर्माण कार्य स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री इस्तेमाल किए जाने और मानकों की अनदेखी के आरोप लगाए जा रहे है। निर्माण स्थल से जुड़े फोटो और वीडियो भी सामने आए है, जिनके आधार पर लोग कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाली निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम रखी जा रही है और बालू में मिट्टी मिली होने के साथ ही गुणवत्ता विहीन सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा नाली के बेस, शटरिंग और लेवलिंग को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे है। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया तो नाली ज्यादा समय तक टिकाऊ नहीं रह पाएगी।

वहीं निर्माण स्थल पर खुदाई के बाद पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से भी लोगों में नाराजगी है। खुली खुदाई के कारण राहगीरों, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो।

पार्षद प्रतिनिधि सुशील कुशवाहा ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री और कार्य की तकनीकी जांच कराने की मांग की है। साथ ही कहा है कि यदि जांच में अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए।

अब स्थानीय लोगों की निगाहें नगर पंचायत प्रशासन पर टिकी है कि वह निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराकर उठ रहे सवालों का जवाब देगा और नाली निर्माण में मानकों का पालन सुनिश्चित कराएगा।

बाल भारती पब्लिक स्कूल ने अनाथालय एवं वृद्धाश्रम में बाँटी खुशियाँ

सुनील चिंचोलकर
प्रातःकाल एक्सप्रेस

सीपत, बिलासपुर। विद्याथिर्यों में सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व के संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से बाल भारती पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी सीपत द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले सामुदायिक सेवा कार्यक्रम (ण्दस्स्ल्हगूब र्ध्र्लीम्प ईर्दुस्स) एवं प्रोजेक्ट हैप्पीनेस (ईदरार्मूर्प्ज्ज्गहो) के अंतर्गत इस वर्ष भी विशेष सेवा गतिविधि आयोजित की गई। एँएँ की समग्र एवं मूल्यपरक शिक्षा की भावना से जुड़ी इस पहल में विद्यालय के 46 विद्याथिर्यों ने प्राचार्य श्री शलभ निगम एवं शिक्षकों के साथ सहभागिता की।

इस अवसर पर विद्याथिर्यों ने सर्वप्रथम बिलासपुर के कुदुदंड स्थित मातृछाया अनाथालय का भ्रमण किया। यहाँ बच्चों के लिए अनन्, वस्त्र, चादर एवं कंबल सहित आवश्यक सामग्री भेंट की गई। साथ ही नवजात शिशुओं के लिए डायपर एवं विशेष शिशु आहार नेनप्रो दूध पाउडर का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव श्री भास्कर वर्तक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसके पश्चात विद्यार्थी एवं शिक्षक मंगला स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटी द्वारा संचालित आशा भवन वृद्धाश्रम पहुँचे। यहाँ निवासरत वृद्ध महिलाओं के लिए अनन्दान एवं वस्त्रदान के साथ राशन सामग्री, तेल, साबुन, फिनाइल, नाइटी, चादर, कंबल तथा दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक वस्तुएँ प्रदान की गईं।

इस अवसर पर प्राचार्य श्री शलभ निगम ने विद्याथिर्यों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को संवेदनशील और संस्कारवान नागरिक बनाना भी है। जरूरतमंदों की सहायता एवं बुजुर्गों का सम्मान करना ही सच्ची शिक्षा के महत्वपूर्ण मूल्य हैं।विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित यह पहल एँएँ की समग्र शिक्षा, अनुभवात्मक अधिगम एवं मूल्यपरक शिक्षा की भावना को व्यवहार में उतारने का प्रयास है। प्रोजेक्ट हैप्पीनेस के माध्यम से विद्याथिर्यों को यह अनुभव कराया जाता है कि वास्तविक प्रसनन्ता दूसरों के जीवन में मुस्कान लाने और उनके सुख-दुःख में सहभागी बनने में है।

प्राचार्य श्री शलभ निगम के मार्गदर्शन में संपनन् यह आयोजन विद्यालय की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें शैक्षणिक विकास के साथ विद्याथिर्यों के व्यक्तित्व में मानवीय मूल्यों और सामाजिक चेतना का विकास भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।

प्रबंध समिति का चुनाव नए सिरे से कराने के आदेश

प्रयागराज। गांधी इंटर कॉलेज, पटेल नगर, झूंसी, प्रयागराज में प्रबंध समिति का चुनाव नए सिरे से कराने के आदेश हुए है। मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) डॉ. ब्रजेश मिश्र ने डीआईओएस प्रयागराज की आख्या, प्रबंध समिति एवं शिकायतकर्ताओं के अभिलेखों व अभिकथनों के परीक्षण के बाद यह आदेश जारी कर दिया है। जेडी डा ब्रजेश मिश्र ने अपने आदेश में लिखा है कि गांधी इंटर कॉलेज पटेल नगर झूंसी के प्रबंध समिति का जो चुनाव सात अप्रैल 2024 को कराया गया था, वह विधिक एवं नियमानुसार नहीं था।

प्रबंध समिति द्वारा सात अप्रैल 2024 को कराया गया चुनाव नियमानुसार ना होने के कारण पुनः अनुमोदित एवं सहायक रजिस्ट्रार, विट्स फण्ड द्वारा अनुमोदित वैध साधारण रामाराव कराया जाना समीचीन होगा।पत्रावली में उपलब्ध अभिलेखों एवं सुनवाई में जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या, प्रबंध समिति एवं शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों / अमिकचनों का अनुशीलन / परीक्षण किया गया। परीक्षणोपरांत यह स्थिति पायी गयी कि श्री बसन्त लाल प्रबंधक, गाँधी इण्टर कालेज, पटेल नगर, झूंसी प्रयागराज द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हुये प्रबंध समिति का जो चुनाव 07 अप्रैल 2024 को सम्पनन् कराया गया है विधिक एवं नियमानुसार ना होने के कारण मण्डलीय समिति जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज को निर्देशित करती है कि विद्यालय की अनुमोदित प्रशासन योजना एवं वैध साधारण सभा के सदस्यों से एक माह के अन्दर राजकीय इण्टर कालेज, प्रयागराज में चुनाव सम्पनन् कराने के लिए प्रबंध समिति को निर्देशित करना सुनिश्चित करें। प्रकरण उक्तवत निस्तारित किया जाता है।

धूमधाम से हुआ तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव का आयोजन



प्रातःकाल एक्सप्रेस

इटावा। स्वर्गीय श्री कृष्ण गोपाल अग्रवाल की पावन स्मृति में श्रीमती किरन मित्तल एवं समस्त मित्तल परिवार के सौजन्य से भव्य तुलसी-शालिग्राम विवाह महोत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव का शुभारंभ हल्दी-मेहंदी की रस्मों से हुआ। इसके बाद भगवान शालिग्राम की भव्य बारात निकाली गई, जिसका पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। आचार्यगणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता तुलसी और भगवान शालिग्राम का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया। स्वर्गीय श्री कृष्ण गोपाल अग्रवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। आयोजक किरन मित्तल सहित समस्त मित्तल परिवार ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर सदर विधायिका सरिता भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अनन्त गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नीलकंठ महादेव मंदिर में दीप जलाकर की गई आराधना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

इटावा। बैकुंठ चौहदस 'देव दीपावली' पर प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर में भोले बाबा का फूलों से श्रृंगार किया गया और मंदिर को लाइटों से सजाया गया। नीलकंठ कमेटी ने 11001 दीये व मोमबत्ती जलाकर देव दीपावली श्रद्धा भाव से मनाई। आकर्षक रंगोलियों में दीप जलाए गए। हजारों भक्तों ने दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए और भक्तों ने हर हर महादेव के जयकारे लगाए। कमेटी की ओर से खीर, हलवा व पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजेश बाजपेई, महामंत्री राजीव मिश्रा, कोषाध्यक्ष कृष्ण कान्त उर्फ लल्लन दुबे सहित कमेटी के अन्य सदस्यों व भक्तों का सहयोग रहा।

गुरु नानक जयंती पर संस्थान ने सीएचसी में फल वितरित किए



प्रातःकाल एक्सप्रेस

जसवंतनगर/इटावा। गुरु नानक जयंती पर भारतीय बाल महिला एवं जन कल्याण संस्थान ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती प्रसूताओं को फल वितरित किए। कार्यक्रम सीएचसी अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह व समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य के सानिध्य में हुआ। संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर अजनेरिया, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सोनी, श्याम किशोर गुप्ता, बृजेश कुमार शंखवार एवं यश बाबू ने प्रसूताओं को फल देकर उनके व नवजातों के स्वस्थ जीवन की कामना की। अध्यक्ष ने कहा कि गुरु नानक देव का संदेश मानवता, सेवा और समानता का है। संस्था इसी मार्ग पर सेवा कार्य जारी रखेगी। सीएचसी अधीक्षक ने सर्दी को देखते हुए नवजातों को ठंड से बचाने और गर्म कपड़े पहनाने की सलाह दी।

ई-रिक्शा में छूटा महिला का ट्रॉली बैग पुलिस ने खोजकर लौटाया, लाखों के जेवर और नकदी सुरक्षित

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। ईमानदारी और तत्परता का परिचय देते हुए थाना प्रेम्हस कॉलोनी पुलिस ने ई-रिक्शा में छूटे महिला के ट्रॉली बैग को सकुशल बरामद कर उन्हें वापस सौंप दिया। बैग में सोने-चांदी के आभूषण, 4,500 रुपये नकद और अन्य घरेलू सामान रखा हुआ था। जानकारी के अनुसार, भूपस्टेट कॉलोनी निवासी श्रीमती रचना पत्नी गजेंद्र शाक्य 15 नवंबर को रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा द्वारा अपने घर जा रही थीं। इसी दौरान उनका ट्रॉली बैग ई-रिक्शा में ही छूट गया। काफी तलाश के बाद भी बैग नहीं मिलने पर उन्होंने थाना प्रेम्हस कॉलोनी पुलिस को सूचना दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पुलिस टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बैग की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 24 नवंबर को पुलिस ने ट्रॉली बैग मय सामान सकुशल बरामद कर महिला को उनके परिजनों की मौजूदगी में सुपुर्द कर दिया। बरामद सामान में दो सोने की अंगूठियां, एक चांदी की कमरधनी, एक सोने का ओम, 4,500 रुपये नकद और अन्य घरेलू सामान शामिल है। खोया हुआ सामान वापस पाकर महिला और उनके परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। इस कार्यवाही में थानाध्यक्ष गौरव कुमार, उपनिरीक्षक दयाशंकर वर्मा, कांस्टेबल विनीत कुमार और अमित कुमार शामिल रहे।

वीआईपी के लिए नो-एंट्री खुली आम आदमी के लिए बंद

कांग्रेस नेताओं ने मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। नुमाइश की वजह से नहीं, प्रशासन की लापरवाही और वीआईपी संस्कृति को बढ़ावा देने की वजह से जनता जाम में कैद है। प्रदर्शनी स्थल के आसपास के सारे मुख्य मार्ग, चौराहे और बाजार सुबह से रात तक जाम के जाल में फंसे हैं। पूरा शहर घंटों रेंग रहा है लेकिन प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सो रहा है। इस जन-विरोधी व्यवस्था के खिलाफ़ पूर्व शहर अध्यक्ष कांग्रेस पल्लव दुबे के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन में साफ़ कहा गया कि प्रशासन ने नो-एंट्री का बोर्ड सिर्फ ग़रीब आम आदमी और स्कूली बच्चों के लिए लगाया है। वीआईपी, नेता और प्रभावशाली लोगों की गाड़ियां सीना तानकर नो-एंट्री में घुस रही हैं और पुलिस सलाम ठोक रही है। क्या इटावा में दो कानून चलेंगे एक वीआईपी के लिए और एक आम जनता के लिए? महिलाएं, बुजुर्ग और दिव्यांग घंटों जाम में असुरक्षित फंसे रहते हैं। फुटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग का कब्ज़ा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि तुरंत स्थाई ट्रैफिक रोड मैप / डायवर्जन प्लान जारी हो और लाउडस्पीकर, अख़बार, सोशल मीडिया से जनता को बताया जाए। नो-एंट्री सबके लिए एक हो - वीआईपी हो या आम आदमी, नियम तोड़ा तो चालान होगा। एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड के लिए तत्काल ग्रीन कॉरिडोर बने। स्कूल टाइम सुबह 7 बजे से 9 और दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगे, स्कूली बसों के लिए अलग रूट हो। अतिक्रमण हटे और शहर से बाहर पक्की पार्किंग बने, मुख्य सड़क पर एक भी वाहन खड़ा न हो। ई-रिक्शा-ऑटो के लिए निश्चित स्टैंड तय हो, चौराहों पर खड़े हुए



तो कार्रवाई हो। 3 दिन में समीक्षा कर कार्रवाई रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। पल्लव दुबे ने कहा हम नुमाइश के खिलाफ नहीं है, हम प्रशासन की नाकामी के खिलाफ है। नुमाइश के नाम पर आप पूरे शहर को बंधक नहीं बना सकते। ज्ञापन में जिलाधिकारी से आग्रह किया गया कि 3 दिन में ट्रैफिक रोड मैप नहीं आया, ग्रीन कॉरिडोर नहीं बना, तो कांग्रेस जनता के साथ सड़क पर उतरेगी। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता प्रेरणा जुबैरी, वाचस्पति द्विवेदी, जिला महासचिव अमित त्रिपाठी अम्बुज, जिला महासचिव अनूप परमार, करण सिंह राजपूत, शहर महासचिव अवनीश वर्मा, जिला सचिव दीक्षा शुक्ला, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मोहित प्रताप शिवा ठाकुर, सिंह, रोहन सिंह, पदम दुबे, मनीष मिश्रा, रोहित भदौरिया, आयुष दुबे सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मानवता के महान उपासक गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव उल्लास से मनाया

गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष तरनपाल सिंह ने डीएम को सरोपा भेंट कर किया सम्मानित





प्रातःकाल एक्सप्रेस

इटावा। गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में अपार श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मत्था टेकने पहुंचे जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष नतमस्तक होकर जनपद की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव ने समाज को समानता, प्रेम और आपसी भाईचारे का कालजयी संदेश दिया है। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरनपाल सिंह कालरा ने जिलाधिकारी को सिरोपा, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव किसी एक वर्ग या समुदाय के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के पथप्रदर्शक है। उनका दर्शन 'किरत करो, नाम जपो और वंड छको' का संदेश देता है। पंद्रह दिनों से चल रहे प्रकाशोत्सव के दौरान प्रभात फेरियों और शबद-कीर्तन से नगर भक्तिमय रहा। 16 श्री अखंड पाठ साहिब की श्रृंखला का समापन भव्य शबद-कीर्तन और आतिशबाजी के साथ हुआ। सुबह से ही सभी समुदायों के श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। समारोह में गुरबाणी शबद गायन ने संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य ग्रंथी अमरजीत सिंह व किशन सिंह ने कीर्तन किया। आकर्षक फूलों की सजावट आकर्षण का केंद्र रही। दीवान की समाप्ति के बाद विशाल गुरु का लंगर बरताया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। मंगलवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा सड़क सुरक्षा के प्रभावी उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने मानिकपुर मोड़ पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना संभावित स्थलों पर अनिवार्य रूप से साइन बोर्ड एवं अत्यधिक खतरे के चेतावनी बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय तत्काल सुनिश्चित किए जाएं तथा सड़क सुरक्षा के प्रति वाहन चालकों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, इसलिए परिवहन विभाग एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाएं विशेष सतर्कता बरतें। परिवहन विभाग द्वारा नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए तथा ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए चालान किए जाएं। उन्होंने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर क्षतिग्रस्त स्थानों की मरम्मत कराए जाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्कूल वाहनों की फिटनेस की जांच अनिवार्य रूप से कराए जाने तथा बिना फिटनेस के संचालित स्कूल वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि दुर्घटना की स्थिति में घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित अस्पतालों में इमरजेंसी वार्ड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में डीएम ने जाम लगने वाले प्रमुख स्थानों पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा अतिक्रमण एवं अव्यवस्थित पार्किंग के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। बैठक में एस0पी सिटी बबिता सिंह, अपर जिलाधिकारी बिपिन कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सीओ ट्रैफिक, एआरटीओ हुमा परवीन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रद्धा,आस्था,विश्वास से साहिब श्री गुरु नानक देव महाराज जी का प्रकाशउत्सव मनाया गया

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज/गुरुद्वारा अलोपीबाग में श्रद्धा,आस्था,विश्वास से साहिब श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाशउत्सव गुरु का अटूट लंगर वितरण कर मनाया गया,गुरुद्वारा प्रांगण को विभिन्न देशी-विदेशी फूल मालाओं,रंग बिरंगी झालरों,दिए दियाली से जगमगा रहा भोर बेला से ही संगतो ने गुरु घर पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे माथा टेक कर पंक्तिबद्ध बैठकर कीर्तन,कथा,गुरु इतिहास का श्रवण किया। गुरु घर प्रधान परमजीत सिंह बग्गा ने कहा कि सर्वप्रथम प्रयागराज की संगत को लख-लख बधाई अलोपीबाग गुरुद्वारा के 50 वर्ष स्थापना के पूरे होने पर।

उन्होंने आगे कहा कि साहिब श्री गुरु नानक देव जी हमेशा कुरीतियों,आंडबरो,रूढ़ीवादी परंपराओं के दलदल से बाहर निकलने और सबका भला करने की शिक्षाएं देते हैं उन्होंने ही दुनिया को पांच प्रमुख विकारों सत्ता,धन,रूप,जाति और जवानी से बचने की शिक्षा दी है साहिब श्री गुरु नानक देव जी ने सभी धर्म और जाति को एक समान समझने की शिक्षा दीत सुविख्यात समाजसेवी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह ने कहा धन के लालची लोगों को समझाने के लिए गुरु जी कहते है कि धन को जेब तक ही सीमित रखना चाहिए उसे अपने हृदय में स्थान नहीं बनाने देना चाहिए और किसी भी तरह के लोभ-लालच को त्याग कर हाथों से मेहनत कर और न्यायोचित तरीके से धन अर्जित करना चाहिए इंसानियत और नैतिकता की राह चलने की शिक्षाओं का अनुसरण करना ही गुरुओं संतों की सच्ची भक्ति है(मनोहर कथा,कीर्तन,काव्य पाठ करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। श्रद्धा-आस्था से मनोहर शब्द कीर्तन, कथा,गुरवाणी पाठ,अरदास,हुकुमनामा के पश्चात गुरु का अटूट लंगर वितरित हुआ। इस अवसर पर गुरुदीप सिंह सरना,परमजीत सिंह,सरदार पतविंदर सिंह,कुलदीप सिंह बग्गा, जसविंदर सिंह नीटू,मनु चावला,बलजीत सिंह,लखविंदर सिंह,राजेंद्र सिंह ग्रोवर,गुरबख्श सिंह,जसवीर सिंह,मनप्रीत कौर, हरजीत सिंह कथुरिया,त्रिलोचन सिंह बग्गा, मनजीत सिंह खालसा,सतेंद्र सिंह पूरी,हरजिंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर तन मन धन से सेवा की।



प्रदर्शनी में पं. शिवदत्त चतुर्वेदी वाद विवाद एवं भाषण 6 दिसंबर को

प्रातःकाल एक्सप्रेस

इटावा। प्रदर्शनी पंडाल में पंडित शिवदत्त चतुर्वेदी वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता 6 दिसंबर रविवार को प्रातः 10 बजे से होगी। संयोजक अजीत नारायण चतुर्वेदी ने बताया कि मध्यम और वरिष्ठ वर्ग में वाद विवाद तथा कनिष्ठ और शिशु वर्ग में भाषण प्रतियोगिता होगी।

कक्षा 9 से 12 मध्यम वर्ग का विषय 'ऑन लाइन शिक्षा प्रणाली पारंपरिक शिक्षा का विकल्प है' - 4 मिनट, सनतक-सनतकोत्तर वरिष्ठ वर्ग का विषय 'एक देश एक चुनाव की नीति देश के लिए हितकर होगी' - 6 मिनट होगा। कक्षा 8 तक भाषण का विषय 'सोशल मीडिया से बढ़ती चुनौतियां' - 5 मिनट और कक्षा 5 तक शिशु वर्ग का विषय 'सबसे प्यारी नुमाइश हमारी' - 2 मिनट होगा।

प्रत्येक विद्यालय से वाद विवाद में दो तथा भाषण में एक प्रतियोगी ही सम्मिलित हो सकेगा। नाम प्रधानाचार्य द्वारा अग्रसारित होना अनिवार्य है।

हादसे के घायलों का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचे डीएम, बेहतर इलाज के दिए निर्देश

चिकित्सकों से ली उपचार की जानकारी, बोले- घायलों के इलाज में न हो कोई लापरवाही



प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। तहसील सदर के खंभारखेड़ा के पास हुए सड़क हादसे के बाद जिला प्रशासन ने घायलों के बेहतर उपचार और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में तत्परता दिखाई। डीएम अंजनी कुमार सिंह जिला चिकित्सालय ओयल पहुंचे। यहां उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और चिकित्सकों से स्वास्थ्य स्थिति एवं उपचार की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। डीएम ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उपचार में किसी प्रकार की कमी न रहे और आवश्यकतानुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में इलाज सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि घायलों के बेहतर उपचार के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। गंभीर रूप से घायलों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा के लिए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। इस दौरान डीएम ने दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने अधिकारियों को पीड़ित परिवारों से निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा उन्हें नियमानुसार अनुमन्य सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है और उनकी हरसंभव मदद सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि खंभारखेड़ा के पास वैन और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मृत्यु हुई है। हादसे में घायल दो लोगों को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। डीएम ने मृतकों के परिजनों को नियमानुसार अविलंब सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। इस दौरान एसडीएम सदर एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चलुवाराजू आर, तहसीलदार सदर मुकेश कुमार वर्मा, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ. वाणी गुप्ता तथा सीएमएस डॉ. आरके कोली मौजूद रहे।

अफजलपुरवारी पहुंचकर सकिपा नेताओं ने शोकाकुल परिजनों से की भेंट, संवेदना प्रकट कर बंधाया ढाढस

ऐसी दुखद घटना मन को बहुत व्यथित करने वाली: अजय सोनी



प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। सिराथू ब्लॉक के अफजलपुरवारी गांव स्थित ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुई दुखद दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले और घायल हुए बच्चों के दुखी और शोकाकुल परिजनों से मंगलवार को समर्थ किसान पार्टी नेताओं ने उनके निवास पहुंचकर भेंट की और संवेदना प्रकट करते हुए ढाढस बंधाया। सिराथू ब्लॉक के अफजलपुरवारी के दो और फतेहपुर जनपद के नेदौरा और गहुरा के एक एक कुल चार बच्चों की दुखद मौत और कई बच्चें के घायल होने सूचना मिलने पर सकिपा नेता अजय सोनी समेत कई पार्टी नेता तत्काल मौके पर पहुंचे और परिजनों से भेंट की और गहरी संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि ऐसी दुखद घटना से मन बेहद दुखी और बहुत व्यथित है। जिन जिन परिवारों के बच्चों के साथ ऐसी असहनीय दुखद घटना हुई है, मेरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के परिजनों के साथ है। इसी के साथ कई घायल बच्चों के परिजनों से भेंट कर अजय सोनी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इसके कुछ समय बाद ही सकुशल स्वस्थ वापस लौटे करीब ढाई दर्जन बच्चो से बस से उतरते ही भेंट की और उनकी कुशलता की कामना की। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ वीरेंद्र तिवारी, अखिलेश विश्वकर्मा, अंकित विश्वकर्मा, सत्येंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

वीरांगना झलकारी बाई के शौर्य और बलिदान को किया नमन, कोरी विकास मंच के पदाधिकारियों ने ली शपथ

196वीं जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन, उद्योगपतियों, समाजसेवियों और प्रतिभाओं को मिला 'कोरी गौरव सम्मान'; महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक एकता का लिया संकल्प



झांसी। 1857 की क्रांति की अमर वीरांगना एवं झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की हमशक्ल दुर्गा सेना की सेनापति वीरांगना झलकारी बाई कोरी की 196वीं जयंती कोरी विकास मंच, झांसी के तत्वावधान में आईएमए भवन में भव्यता के साथ मनाई गई। समारोह में जहां वीरांगना के शौर्य, त्याग और बलिदान को याद किया गया, वहीं मंच की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने पद एवं दायित्वों की शपथ लेकर सामाजिक एकता और समाज के उत्थान का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को 'कोरी गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि अमन वर्मा, आईआरटीएस, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे झांसी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. सचिन माहौर, एमडी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झांसी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने भगवान बुद्ध, संत कबीर साहेब, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं वीरांगना झलकारी बाई के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्य अतिथि अमन वर्मा ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई का अदम्य साहस, त्याग और देशभक्ति भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई का रूप धारण कर अंग्रेजी सेना को भ्रमित किया और रानी को सुरक्षित निकलने का अवसर प्रदान किया। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. सचिन माहौर ने वीरांगना के संघर्षपूर्ण जीवन और ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों से एकजुट होकर सामाजिक उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में मुख्य अतिथि ने कोरी विकास मंच की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को संगठन के नियमों एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने, समाज को संगठित रखने और सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई।

इस दौरान झांसी एवं ललितपुर के उद्योगपतियों, व्यवसायियों, समाजसेवियों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली प्रतिभाओं को 'कोरी गौरव सम्मान' प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच के संरक्षक मंडल ने भी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सम्मान पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष आरएन वर्मा ने की। संचालन शिवानी आजाद वर्मा, कैलाश गौतम, इंजीनियर नन्दराम वर्मा एवं राजेंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन में मंच के पदाधिकारी, सदस्य, संरक्षक मंडल सहित झांसी एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और महिलाएं उपस्थित रहीं।

5051 कलशों के साथ निकलेगी भव्य यात्रा, 26 नवंबर से झांसी में गूंजेगी श्रीराम कथा

झांसी। धर्मनगरी झांसी में 26 नवंबर से सात दिवसीय भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। राजा गंगाधर राव मुक्ताकाशी मंच पर 2 दिसंबर तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में बुंदेलखंड में पहली बार निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 आचार्य डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज अपने श्रीमुख से श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। प्रतिदिन दोपहर एक बजे से प्रभु इच्छा तक कथा का आयोजन होगा।

आयोजन की जानकारी पत्रकार वार्ता में देते हुए आयोजक चरण सेवक एडवोकेट अनूप कुमार शिवहरे 'देहाती' ने बताया कि 26 नवंबर को सुबह 10 बजे श्री मुरली मनोहर मंदिर, बड़ा बाजार से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें 5051 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल होंगी। यात्रा मालिनों का चौराहा, सिंधी तिराहा, पंचकुइयां और रानी लक्ष्मीबाई पार्क होते हुए राजा गंगाधर राव मुक्ताकाशी मंच पहुंचेगी। इतनी बड़ी संख्या में कलशों के साथ निकलने वाली यात्रा को ऐतिहासिक और आकर्षक बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि कथा के दौरान 28 नवंबर को सुबह 11 बजे बुंदेलखंड की सुप्रसिद्ध गायिका कविता शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगी। वहीं, 2 दिसंबर को आयोजन के समापन अवसर पर दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को दीक्षा भी प्रदान की जाएगी, जिसका समय आचार्य श्री द्वारा निर्धारित मुहूर्त के अनुसार तय होगा।

पत्रकार वार्ता में आचार्य हरिओम पाठक, पुरुषोत्तम स्वामी, महंत विष्णु दत्त स्वामी, ज्योतिषाचार्य पं. मनोज थापक, आचार्य वसंत गोलवलकर, आचार्य लल्लन महाराज, आचार्य विनोद चतुर्वेदी, आचार्य मनोज चतुर्वेदी, मार्तंड स्वामी, लखनलाल गुप्ता, विनोद अवस्थी, पीयूष रावत, आकाश राय, अभिषेक श्रीवास्तव, विक्रम गोस्वामी, दिलीप शिवहरे, जीतू शिवहरे, संदीप राय, रघुराज सिंह परीछा और बृजेश शिवहरे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



भूखंड सौदे में फंसे महंत की बढ़ीं मुश्किलें, गिरफ्तारी से बचने हाईकोर्ट की शरण

महिला की शिकायत पर धोखाधड़ी समेत तीन धाराओं में दर्ज है मुकदमा

झांसी। भूखंड के सौदे को लेकर विवादों में घिरे महंत वैदेही वल्लभ शरण की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। महिला की शिकायत पर धोखाधड़ी, धमकी और अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज होने के बाद अब महंत ने गिरफ्तारी की आशंका से बचाव के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनके खिलाफ थाना कोतवाली झांसी में दर्ज प्राथमिकी के बाद दाखिल की गई आपराधिक रिट याचिका ने इस पूरे प्रकरण को नया मोड़ दे दिया है।

मामला जमीन के सौदे से जुड़ा है। न्यायालय में प्रस्तुत अभियोजन पक्ष के कथन के अनुसार, शिकायतकर्ता अंजलि पांडेय भूखंड खरीदना चाहती थीं। इसी दौरान महंत वैदेही वल्लभ शरण ने उन्हें मौजा ददियापुर, तहसील एवं जिला झांसी में करीब 1740 वर्गमीटर भूमि उपलब्ध होने की जानकारी दी। जमीन की कीमत 20 लाख रुपये बताई गई और उसका आधा हिस्सा खरीदने का प्रस्ताव रखा गया। इसी सौदे को लेकर महिला ने कथित धोखाधड़ी और धमकी सहित अन्य आरोप लगाते हुए शिकायत की।

महिला ने पहले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173(4) के तहत प्रार्थना-पत्र दिया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 352 और 351(3) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। मुकदमा अपराध संख्या 0277/2026 के रूप में 29 सितंबर 2026 को दर्ज किया गया।

एफआईआर दर्ज होने के बाद अब महंत की ओर से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आपराधिक रिट याचिका दाखिल कर गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस घटनाक्रम से साफ है कि जमीन के सौदे से शुरू हुआ विवाद अब कानूनी मोर्चे तक पहुंच गया है। एक ओर महिला की शिकायत पर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है, वहीं दूसरी ओर महंत ने गिरफ्तारी की आशंका को लेकर हाईकोर्ट की शरण ली है।

फिलहाल इस प्रकरण में पुलिस विवेचना और उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका पर होने वाली सुनवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। महिला के आरोपों की सत्यता और पूरे भूखंड सौदे से जुड़े तथ्यों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।

अजय सिकरवार बने बुंदेलखंड केसरी, सत्येन्द्र अहिरवार ने जीता बुंदेलखंड कुमार का खिताब

राजवीर बने जिला केसरी, दो दिवसीय दंगल में 125 पहलवानों ने दिखाया दमखम, विजेताओं को किया सम्मानित

झांसी। जिला कुश्ती संघ के तत्वावधान में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय बुंदेलखंड केसरी एवं जिला केसरी दंगल प्रतियोगिता का 24 नवंबर को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में बुंदेलखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब 125 पहलवानों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी कुश्ती प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों में अजय सिकरवार ने बुंदेलखंड केसरी, सत्येन्द्र अहिरवार ने बुंदेलखंड कुमार और राजवीर ने जिला केसरी का खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि समाजसेविका अनुराधा शर्मा रहीं। विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के वरिष्ठ प्रदेश सचिव सुरेश चन्द्र उपाध्याय रहे। आयोजन अध्यक्ष डॉ. अशोक राय की उपस्थिति में जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

80 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में अजय सिकरवार प्रथम, शिवम यादव द्वितीय तथा उदयवीर और जतिन संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। 70 से 80 किलोग्राम वर्ग में सत्येन्द्र अहिरवार प्रथम, सोहेल द्वितीय तथा आर्यन यादव और देव राजपूत संयुक्त रूप से तृतीय रहे। 60 किलोग्राम से अधिक वर्ग में राजवीर ने प्रथम, राजदीप ने द्वितीय तथा धीरेंद्र अहिरवार और जयवीर गुर्जर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। 45 से 50 किलोग्राम वर्ग में जयप्रकाश ने वीर अभिमन्यु का खिताब जीता।



महिला पहलवानों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में श्रद्धा, निधि, सुहानी, हर्षिता, रितिका, प्रथा, विधि, अनुष्का एवं तमनन विजेता रहीं। मुख्य अतिथि अनुराधा शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कुश्ती अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास का प्रतीक है। वहीं मनमोहन गेड़ा ने कहा कि जिला कुश्ती संघ बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार, गदा, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में अंतरराष्ट्रीय रेफरी राम सजन यादव, अंतरराष्ट्रीय कोच अशोक सोनकर, राष्ट्रीय कोच रामजन्म यादव एवं कौशल कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस अवसर पर मोनी पहलवान, पीटर सैमुअल, जमुना प्रसाद कुशवाहा, सुशील कुमार गुप्ता, सुरेंद्र प्रजापति, तिलक यादव, सुनील कुमार गुप्ता बब्बल, अरविंद वशिष्ठ, रोहित पांडे, रामकुमार लोहिया, सुदर्शन शिवहरे, मनमोहन मनु, राम सिंह सिकौरिया, अवधेश निरंजन, अशोक अग्रवाल, बलविंदर कौर एवं रामबाबू यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। संचालन बैदहीशरन सरावगी एवं सुंदर ग्वाला ने किया। जिला सचिव हरविन्द कुमार ने आयोजन का समन्वय किया। अंत में डॉ. अशोक राय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

41 दिवसीय साधना पूरी कर बाहर आये महंत राधामोहन दास

हवन, पूजन कर किये साधु संतों के दर्शन, कराया भंडारा दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

झांसी। ग्वालियर रोड स्थित कुंजबिहारी मंदिर पर कार्तिक रास पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को प्रातः से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गयी। भोर की पौ फटते है। जैसे-जैसे भगवान भास्कर ने आसमान से जमीन पर अपनी किरणें बिखेरी कि ठीक उसी गति से श्रद्धालु भी मंदिर परिसर में एकत्रित होते गये। थोड़े ही देर में भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन कुंजबिहारी मंदिर में एकत्रित हो गये। मौका था गुरुदेव भगवान के दर्शनों का। इस मौके का हर कोई अलभ्य लाभ लेना चाहता था।

स्मरण रहे कि बुन्देलखण्ड धर्माचार्य महंत राधामोहन दास महाराज अपनी 41 दिवसीय एकांत साधना पूर्ण कर साधना कक्ष से बाहर निकले। साधना कक्ष से महंत के बाहर आते ही श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा करते हुए आत्मीय स्वागत कर गुरुदेव के दर्शन किये।

साधना कक्ष से आते ही महंत राधामोहनदास ने अखण्ड ब्रह्माण्ड नायक भगवान कुंजबिहारी जू एवं उनकी प्राण प्रियतमा राधारानी जू की महाआरती उतारी। इस अवसर पर मंदिर में विविध धार्मिक आयोजनों के साथ मंगल गीत गाये गये। सायंकालीन वेला में समाज गायन कर बुंदेलखण्ड के ख्याति लब्ध कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत की धुन पर मधुर भजन प्रस्तुत कर देर रात्रि तक भगवत रस की वर्षा की। मंदिर में विराजमान सभी विग्रह मूर्तियों का अभिषेक उपरांत मनमोहक श्रृंगार किया गया। समूचा मंदिर परिसर विभिन्न प्रकार के पुष्पों से सजाया गया तथा भगवान श्री कुंजबिहारी सरकार के चरणों में दिव्य फूल बंगला समर्पित किया गया।

महंत राधामोहन दास के पावन सानिध्य में विद्वान आचार्यों द्वारा वेदमंत्रों के बीच हवन किया गया जिसमें विश्व कल्याण की भावना से सैकडों श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां दी, तदुपरांत महाराज श्री ने साधु-संतों का दर्शन पूजन बंदन एवं भंडारा उपरांत उन्हें दक्षिणा देकर विदा किया गया। उसके बाद विप्र जनों एवं सभी श्रद्धालुओं को भण्डारे का प्रसाद परोसकर खिलाया गया। उल्लेखनीय



है कि कुंजबिहारी आश्रम की परम्परानुसार वर्ष 2013 से महंत राधामोहन दास प्रतिवर्ष एकांत साधना करते आ रहे है। इससे पूर्व ब्रह्मलीन महंत बिहारीलाल महाराज ने लगातार पिछले 50 वर्षों तक प्रतिदिन 41 दिवसीय एकांत साधना की थी। किंतु तब से उक्त गद्दी पर महंत राधामोहनदास महाराज आसीन हुए तब से गुरु जी की आज्ञानुसार 2013 से वे अनवरत प्रतिवर्ष 41 दिवस की एकांत साधना कर परम्परा का निर्वाहन कर रहे है।इस मौके पर महंत माधवदास सेमरी, कोतवाल हेतराम रामयणी,मनु महाराज, बालकदास महाराज एवं व्यवस्थापक पवनदास मौजूद रहे।

विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर भोजला मंडी पहुंचे डीएम, स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

पोलिंग पार्टियों की रवानगी और वापसी के रोडमैप का लिया जायजा, सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश



झांसी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मंगलवार को भोजला मंडी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोलिंग पार्टियों की रवानगी एवं वापसी, ईवीएम के सुरक्षित रखरखाव, स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम में विद्युत एवं पानी के कनेक्शन होने पर उन्हें तत्काल विच्छेदित कराया जाए। साथ ही खिड़कियों और दरवाजों को पूरी तरह बंद रखने तथा स्ट्रांग रूम के सामने बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम के समीप अभिलेखों के रखरखाव के लिए अलग कक्ष तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल पर पर्याप्त रोशनी, पेयजल, शौचालय एवं साफ-सफाई की व्यवस्था समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों की जानकारी लेते हुए सभी कैमरों को 24 घंटे संचालित रखने पर जोर दिया।

उन्होंने भोजला मंडी से पोलिंग पार्टियों की रवानगी और मतदान के बाद उनकी वापसी के लिए तैयार किए गए रोडमैप का भी परीक्षण किया। वाहनों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा, ताकि मतदान के बाद ईवीएम सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम तक पहुंचाई जा सकें। उन्होंने ईवीएम डिस्पैच के लिए बिंदुवार ड्यूटी लगाने तथा तैनात कर्मचारियों के पहचान पत्रों की जांच के बाद ही प्रवेश देने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पल्लवी मिश्रा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन एके गुप्ता, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. अरविंद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट योगेश्वर सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग रजनीश कुमार गुप्ता, मंडी सचिव बबलू कुमार, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग संदीप कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए भरवाएं फॉर्म-6 : मंडलायुक्त

झांसी। मंडलायुक्त एवं रोल प्रेक्षक कृष्ण कुमार ने मंगलवार को आयुक्त सभागार में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2026 (एसएसआर) की समीक्षा बैठक की। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करने और बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को सक्रिय करने की अपील की।उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरवाकर जमा कराएं। आगामी 29 और 30 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं का डाटा तैयार कर उन्हें मतदाता बनाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि मतदाता निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बीएलओ की अनुपस्थिति, बूथों पर फॉर्म-6, 7 और 8 की उपलब्धता तथा मतदाता सूची की त्रुटियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने और बीएलओ की सूची हिंदी में उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

सिलगुवां में 253 मजदूरों की फर्जी हाजिरी का आरोप, मनरेगा में घोटाले की आशंका

नाले में पानी भरा मिलने और ग्रामीणों के काम से इनकार करने पर उठे सवाल, जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग

झांसी। विकासखंड बंगरा की ग्राम पंचायत सिलगुवां में मनरेगा योजना के तहत नाला गहरीकरण कार्य में 253 मजदूरों की कथित फर्जी हाजिरी दर्ज किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि 21 नवंबर 2026 को नाला गहरीकरण कार्य के नाम पर 253 मजदूरों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई गई, जबकि मौके पर काम होने के कोई साक्ष्य नहीं मिले।मामले की जानकारी मिलने पर एक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान नाले में पानी भरा मिला। वहीं, आसपास के ग्रामीणों ने भी बताया कि नाले में पानी भरा हुआ है और वहां नाला गहरीकरण का कोई कार्य नहीं कराया गया है। इससे मनरेगा के तहत दर्ज मजदूरों की उपस्थिति पर सवाल खड़े हो गए है।जांच के दौरान ग्राम रोजगार सेवक से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि बीमारी के चलते वह घर पर थे। उन्हें न तो उक्त कार्य की जानकारी है और न ही मजदूरों की हाजिरी अथवा डिमांड लगाए जाने की कोई सूचना है। उन्होंने यह भी अनभिज्ञता जताई कि किस व्यक्ति द्वारा मजदूरों की उपस्थिति दर्ज की गई।

मामले में जिलाधिकारी से 21 नवंबर को दर्ज 253 मजदूरों की हाजिरी, मस्टर रोल, डिमांड, एनएमएमएस उपस्थिति, कार्यस्थल के साक्ष्य और भुगतान संबंधी अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही यह पता लगाने की मांग की गई है कि किसके माध्यम से मजदूरों की उपस्थिति दर्ज कराई गई और इसके पीछे कौन जिम्मेदार है।शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि बिना कार्य कराए मजदूरों की हाजिरी दर्ज कर भुगतान कराया गया है तो यह सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर मामला है। उन्होंने जांच में अनियमितता प्रमाणित होने पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

ग्वालियर ने जीती मीनेश प्रीमियर लीग की ट्रॉफी, प्रयागराज को 8 रन से हराया

झांसी। जीआईसी मैदान पर आयोजित ऑल इंडिया ओपन जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट मीनेश प्रीमियर लीग का रविवार को समापन हो गया। फाइनल मुकाबले में जावेद टॉप स्टार क्लब ग्वालियर ने हाईटेक इलेवन प्रयागराज को आठ रन से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली।फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में चार विकेट पर 108 रन बनाए। कप्तान आवेद खान ने 42 रनों की शानदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रयागराज की टीम 10 ओवर में 100 रन ही बना सकी। गोलू रैना ने 36 रन बनाए। शानदार प्रदर्शन के लिए आवेद खान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।इससे पहले पहले सेमीफाइनल में डॉक्टर कपिल इलेवन झांसी ने सात विकेट पर 110 रन बनाए। कप्तान आशु यादव ने 56 रन बनाए। जवाब में हाईटेक इलेवन प्रयागराज ने 7.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर छह विकेट से जीत दर्ज की। गोलू रैना 27 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच रहे।दूसरे सेमीफाइनल में री-यूनियन स्ट्राइकर्स दिल्ली ने सात विकेट पर 90 रन बनाए। साहिल लेफ्टी ने 28 रन बनाए। जवाब में जावेद टॉप स्टार क्लब ग्वालियर ने आठ ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। लवी संधू ने 28 रनों का योगदान दिया और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा रोड स्थित गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं महान संत श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर आज गुरुद्वारा रोड स्थित गुरुद्वारे के प्रांगण में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार एवं जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने पहुंचकर सहभागिता की तथा मत्था टेककर गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने गुरुद्वारे में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने गुरु नानक देव जी के जीवन, उनकी शिक्षाओं तथा मानवता के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। गुरु ननक देव जी ने अपने विचारों एवं उपदेशों के माध्यम से समाज को सत्य, सेवा, समानता, सद्भाव, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा में आगे बढ़ने तथा आपसी प्रेम एवं सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम के उपरांत मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने गुरुद्वारे में आयोजित लंगर में बैठकर श्रद्धापूर्वक लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं आयोजकों ने प्रकाश पर्व की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। कार्यक्रम ने आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता और धार्मिक सद्भाव का संदेश दिया। कीर्तन दरबार में सहारनपुर के कमिशन्र डॉक्टर रूपेश कुमार, अरविंद चौहान जिला अधिकारी सहारनपुर, सुजसबीर सिंह प्रधान श्री गुरु सिंह सभा, अमनप्रीत सिंह जनरल सेक्रेटरी, छबप्रीत सिंह मीट सेक्रेटरी, हनीत सिंह स्टेशन सुपरिटेंडेंट कमशिन्यल, सरदार हरिंदर सिंह चड्ढा गुरुपुरब कन्वीनर, सतविंदर सिंह माकन, सरदार पवनप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह बग्गा एवं सरदार तरनजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



देव दीपावली पर कान्हा गौशाला में गौ माता एवं नंदी महाराज की सेवा की

प्रातः काल एक्सप्रेस



चिलकाना। देव दीपावली के अवसर पर नारायणपुर स्थित कान्हा गौशाला में गौ सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान गौ माता एवं नंदी महाराज को केले, सिंघाड़े, हरा धनिया, गुड़, चोकर, तिल सहित विभिनन्फल एवं सात्विक खाद्य सामग्री अर्पित कर श्रद्धापूर्वक भोग लगाया गया। साथ ही गौशाला परिसर में गंगाजल का छिड़काव भी किया गया। इस अवसर पर गौ सेवक अनिल सैनी ने बताया की सनातन धर्म में गौ सेवा को विशेष पुण्यदायी कार्य माना गया है। गौ माता की निःस्वार्थ सेवा से मन को आत्मिक शांति एवं संतोष की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गौ सेवा के साथ-साथ बेजुबान जीवों के प्रति दया, करुणा और संवेदनशीलता का भाव रखना चाहिए। देव दीपावली जैसे पावन पर्व पर सेवा एवं परोपकार के कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास करना चाहिए।

क्षेत्रपाल महाराज के जीणोद्धार को लेकर हवन-पूजन

प्रातः काल एक्सप्रेस



चिलकाना। ग्राम धोलाहेड़ी के रेतगढ़ में श्री क्षेत्रपाल महाराज के जीणोद्धार के उपलक्ष्य में ग्रामवासियों की ओर से हवन-पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधि-विधान के साथ हवन में आहुतियां देकर क्षेत्रपाल महाराज से गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। पूजन एवं हवन का कार्यक्रम पंडित योगेंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपनन् कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मंदिर के जीणोद्धार कार्य में सहयोग का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने कहा कि धार्मिक स्थल गांव की आस्था और परंपरा के प्रतीक होते हैं। ऐसे आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर डॉक्टर दीपक सैनी, श्याम कुमार सैनी, कन्हैया सैनी, चेयरमैन ईश्वर सैनी, रामकुमार सैनी, भूरा सैनी और सक्षम सैनी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

बाइक सवार की टक्कर से साइकिल सवार छात्र घायल

प्रातः काल एक्सप्रेस

कड़ा कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के रूकूनपुर के पास दो दिन पहले सायकिल से स्कूल जा रहे छात्र को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिसमे सायकिल सवार छात्र घायल हो गया, पीडि़त की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के लेहदरी खतीब का मजरा रुकुनपुर निवासी रवींद्र सिंह पुत्र धर्म सिंह ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका भतीजा अभिषेक सिंह पुत्र अरविंद सोमवार की सुबह नौ बजे के करीब सायकिल से अम्बाई बुजुर्ग स्कूल जा रहा था, रुकुनपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दिया जिसमे अभिषेक घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए मंझनपुर स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीडि़त की शिकायत पर कड़ा धाम पुलिस ने निज़ाम का पुरवा निवासी मो अमीन के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

माजरी ने चिलकाना सुपर -9 को 56 रन से हराया

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। सुल्तानपुर में आयोजित युवा क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को माजरी की टीम ने चिलकाना सुपर-9 को 56 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए माजरी ने आठ ओवर में दो विकेट पर 133 रन बनाए। कप्तान दीक्षित धीमान ने 13 छक्कों की मदद से 36 गेंदों पर 103 रन की तूफानी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए चिलकाना सुपर-9 की टीम पांच विकेट पर 70 रन ही बना सकी। शक्ति ने 34 और साकिब अंसारी ने 19 रन बनाए। दीक्षित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में आवेश की टीम ने सुल्तानपुर मार्केट को 24 रन से शिकस्त दी। आवेश की टीम ने आठ ओवर में तीन विकेट पर 99 रन बनाए। दीपक ने 37 और मनजीत ने 31 रन का योगदान दिया। जवाब में सुल्तानपुर मार्केट की टीम तीन विकेट पर 75 रन ही बना सकी। रविंद्र ने 43 और मुकुल ने 21 रन बनाए। मनजीत ने दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।



दो नोटिस के बाद भी सरकारी हैंडपंप के चबूतरे से नहीं हटा अतिक्रमण

तीन दिन और एक सप्ताह की मोहलत भी बेअसर, अब एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। हथगाम विकासखंड की ग्राम पंचायत कूधन (गोदामपर) में सरकारी हैंडपंप के चबूतरे पर कथित कब्जे का मामला अधिकारियों के दो नोटिस जारी करने के बाद भी नहीं सुलझा है। शिकायतकर्ता विपिन कुमार पुत्र शिव की शिकायत पर ग्राम विकास अधिकारी ने अक्टूबर में पहला नोटिस जारी कर कथित कब्जाधारी दारा सिंह पुत्र शिव दुलारे को तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। ऐसा न करने पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), हथगाम ने 16 नवंबर 2026 को जारी पत्र में ग्राम विकास अधिकारी की आख्या का हवाला देते हुए बताया कि पहले नोटिस के बाद भी अतिक्रमण बरकरार है। इस पर ग्राम पंचायत की ओर से दूसरा और अंतिम नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर सरकारी हैंडपंप के चबूतरे से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय में कब्जा



नहीं हटाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नजदीकी थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। मामला मुख्यमंत्री ऑनलाइन हेल्पलाइन पर शिकायत संख्या 40017226038873 के माध्यम से उठाया गया था। अब सवाल यह है कि दो नोटिस और समयसीमा दिए जाने के बाद भी अतिक्रमण क्यों नहीं हट सका। ग्रामीणों की निगाहें अब विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

जनसुनवाई को प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने की पहल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। इस दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रार्थना पत्र की पर्ची (रसीद) शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे शिकायत की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके। सहारनपुर पुलिस की प्राथमिकता – आमजन की शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण



रोटरी फाउंडेशन में अभूतपूर्व योगदान पर रो. शशांक जैन सम्मानित

रोटरी इंटरनेशनल के निदेशक रो. एम. वेंकटेश ने किया सम्मानित

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। रोटरी इंटरनेशनल के प्रतिष्ठित रोटरी फाउंडेशन में अभूतपूर्व एवं सराहनीय योगदान देने पर रोटरी मंडल 3120 के सहायक मंडलाध्यक्ष रो. शशांक जैन को रोटरी इंटरनेशनल के निदेशक रो. एम. वेंकटेश द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान रोटरी फाउंडेशन सेमिनार 'समर्पण' के अवसर पर प्रदान किया गया। रोटरी इंटरनेशनल विश्व की अग्रणी अंतरराष्ट्रीय सेवा संस्थाओं में से एक है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, शांति स्थापना, पर्यावरण संरक्षण एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। इन सेवा गतिविधियों को वैश्विक स्तर पर मजबूती प्रदान करने में रोटरी फाउंडेशन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

रो. शशांक जैन का रोटरी फाउंडेशन में यह उल्लेखनीय योगदान समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, समर्पण और सेवा भावना को दर्शाता है। रोटरी में उनकी सक्रियता एवं नेतृत्व क्षमता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे वर्तमान में सहायक मंडलाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन करने के साथ-साथ पूर्व में रोटरी क्लब के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद अरिहंत के संस्थापक होने का गौरव भी प्राप्त है। रोटरी के संगठनात्मक विस्तार, सदस्यता वृद्धि एवं सामाजिक सेवा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उनका मानना है कि रोटरी फाउंडेशन के माध्यम से किया गया प्रत्येक योगदान जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष रो. पूनम गुलाटी, पूर्व मंडलाध्यक्ष रो. सतपाल गुलाटी, पूर्व मंडलाध्यक्ष रो. डॉ. प्रमोद कुमार सहित अनेक वरिष्ठ रोटेरियन एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में वक्ताओं ने रोटरी फाउंडेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके माध्यम से विश्वभर में शिक्षा, स्वास्थ्य, मानवीय सहायता एवं शांति स्थापना के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। रो. शशांक जैन के योगदान एवं सम्मान को रोटरी मंडल 3120 के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उपस्थित सदस्यों ने प्रसननन्ता व्यक्त की।

थाना बड़गांव पुलिस ने 1 वारण्टी को किया गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत थाना बड़गांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम मिर्जापुर से सहदेव पुत्र धुलीसिंह निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना बड़गांव को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवबंद द्वारा वाद संख्या 1725/16 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम में जारी था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय देवबंद के समक्ष पेश किया जा रहा है।

चेकिंग व दबिश 1 वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक बेहट इन्द्रेश चौहान के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना बेहट पुलिस द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान 01 वारंटी अभियुक्त विकाश पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम टटोहल थाना बेहट जनपद सहारनपुर को सम्बन्धित वादं संख्या 6632/2022 धारा 379/411 भादवि व 3/4 लोक सम्पत्ति क्षति अधिनियम व 4/21 खनन अधिनियम को ग्राम टटोहल से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

थाना गंगोह पुलिस ने 07 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत थाना गंगोह पुलिस ने चेकिंग व दबिश के दौरान 07 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर -

1. कामिल पुत्र जमील निवासी नागल राजपूत - वाद संख्या 30678/22, मु0अ0सं0 131/2002 धारा 323/504/506 भादवि
2. बदरूद्दीन पुत्र इदरीश निवासी सागाठेड़ा - वाद संख्या 11454/24, मु0अ0सं0 51ए/2008 धारा 147/323/325/504 भादवि
3. रियासत पुत्र मकसूदा निवासी सागाठेड़ा - वाद संख्या 11454/24, मु0अ0सं0 51ए/2008 धारा 147/323/325/504 भादवि
4. रूस्तम पुत्र इस्लाम निवासी खानपुर गुर्जर - वाद संख्या 4360/2024 धारा 323/452 भादवि
5. इसराक पुत्र इस्लाम निवासी खानपुर गुर्जर - वाद संख्या 4360/2024 धारा 323/452 भादवि
6. सोनू उर्फ जसबीर पुत्र नाथीराम निवासी मौहल्ला टाकान, गंगोह - वाद संख्या 30879/22, मु0अ0सं0 27/2004 धारा 25 शस्त्र अधिनियम
7. समीर पुत्र तनवीर निवासी तातारेड़ी - वाद संख्या 116/2026, मु0अ0सं0 243/2026 धारा 115(2)/352/351(2) बीएनएस

को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

हैंडपंप में पानी भरने को लेकर मां बेटे के साथ मारपीट, चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के अलीगंज में हैंडपंप में पानी भरने को लेकर विपक्षी गाली गलौच कर मां बेटे के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया, पीडि़ता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।कोखराज थाना क्षेत्र के अलीगंज निवासी विनय जयसवाल पुत्र सुभाष चंद्र जयसवाल ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी मां हैंडपंप में पानी भरने गई थी इस दौरान विपक्षी मां को गाली गलौच कर पत्थर चलाने लगे बीच बचाव के लिए पहुंचा तो विपक्षी गाली गलौच कर उसके साथ भी मारपीट कर चोटिल कर दिया। और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीडि़ता की शिकायत पर नमन सिंह , शुभम यादव , सुमित्रा देवी , कमला देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

शादी करने को लेकर मां बेटी के साथ मारपीट, दो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के शीतलपुर अंदावा गांव की एक युवती का आरोप है कि शादी करने को लेकर गांव के विपक्षी उसके साथ एवं मां के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया, पीडि़ता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। कोखराज थाना क्षेत्र के शीतलपुर अंदावा गांव निवासी सपना देवी पुत्री स्व बवाली ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि सोमवार की शाम चार बजे के करीब गांव के दो लोग शादी करने को लेकर उसके साथ एवं मां मालती देवी के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीडि़ता की शिकायत पर कोखराज पुलिस ने उदल व उसकी बहन सवारी देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

मारपीट के आरोप में चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मडूकी गांव की एक महिला का आरोप है कि विपक्षी उसकी बेटी व सास के साथ मारपीट कर धमकी दे रहे थे, पीडि़ता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मडूकी निवासी ऊषा देवी पतने ऊधोश्याम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीस नवंबर की शाम सात बजे के करीब वह शौच के लिए गई थी इस दौरान उसकी बेटी घर में अकेली थी , तभी विपक्षी गाली गलौच करते हुए घर में घुसकर बेटी के साथ मारपीट करने लगे बीच बचाव के दौरान सास के साथ भी मारपीट करने लगे, पीडि़ता का आरोप है कि स्थानीय थाना में शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीडि़ता की शिकायत पर मंझनपुर पुलिस ने रामलखन , वीरेंद्र कुमार , आरती देवी व फूलमती के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।